▸▸वर्ष : 36 ▸▸अंक : 240 ▸▸मुंबई, गुरुवार, 12 नवंबर 2026 ▸▸RNI: MAHHIN/49994/91 ▸▸मूल्य : 3 रुपए ▸▸epaper.dobajedopahar.com ▸▸संपादक : अरुण लाल ▸▸संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


इटली की गलियों से 10 जनपथ तक, इमरजेंसी की आग से मोदी से तकरार तक; सोनिया गांधी ने किताब में खोले अनकहे अफ़साने

2004 में कुर्सी ठुकराने की अंदरूनी कशमकश

साल 2004 में प्रधानमंत्री का ओहदा न क़बूल करने के वाक़ये पर उन्होंने पहली बार अपने दिल की कशमकश बयां की। सोनिया गांधी ने लिखा कि उन्होंने पहले ही यह तय कर लिया था कि वह हुकूमत की बागडोर नहीं संभालेंगी। दादी इंदिरा और पति राजीव की शहादत का दर्द झेल चुके बेटे राहुल और बेटी प्रियंका भी इस फ़ैसले के हक़ में थे। हालांकि पार्टी और गठबंधन लीडरों के भारी अनुरोध पर एक लम्हे के लिए उन्होंने 'हां' कह दी थी, लेकिन उनकी ज़मीर ने आख़िरकार 'ना' को ही सही माना।

अफ़वाहों का खंडन और मनमोहन से तालमेल

विरोधियों के इन दावों को सोनिया ने सिरे से ख़ारिज किया कि डॉ. कलाम ने उनके विदेशी नस्ल की वजह से शपथ दिलाने से इनकार किया था। उन्होंने मनमोहन सरकार को 'रिमोट कंट्रोल' से चलाने और ख़ुफ़िया सरकारी फ़ाइलें देखने के आरोपों को भी अफ़सोसनाक और बेबुनियाद बताया। सोनिया के मुताबिक़, डॉ. मनमोहन सिंह के साथ उनका रिश्ता पूरी तरह आपसी सम्मान और भरोसे पर टिका था।



खामोशी टूटी तो कितने अफ़साने खुले...

'उम्र भर जिन राज़ों पर खामोशियों का पहरा रहा, किताब क्या खुली, हर जर्रे का दर्द गहरा रहा'

एजेंसी । नई दिल्ली

सियासत की दुनिया में सोनिया गांधी की पहचान हमेशा एक ऐसी शख्सियत के तौर पर रही, जिनकी मुस्कुराहट भी नपी-तुली थी और खामोशी भी बेहद गहरी। मगर जब उम्र के इस पड़ाव पर कलम उठी, तो न सिर्फ बरसों की चुप्पी टूटी बल्कि भारतीय राजनीति की बंद फाइलों के कई पन्ने हवा में बिखर गए। हार्पर कॉलिन्स से आई उनकी किताब 'Belonging: A Journey of Love' दिल्ली के गलियारों की वो दास्तान है जिसमें मुहब्बत की कसक भी है, साजिशों की तपिश भी और तख्त-ओ-ताज की बेरुखी भी।

मोदी सरकार और जम्हूरियत पर बेबाक राय

सोनिया गांधी ने किताब में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर बेबाक राय रखी है। उनका इल्ज़ाम है कि मौजूदा दौर में लोकतंत्र के बुनियादी इदारे कमज़ोर हुए हैं और मुल्क के सतरंगी ताने-बाने को ठेस पहुंची है। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार के पास कोई नया नज़रिया नहीं है, बल्कि यूपीए दौर की तक़रीबन 30 पुरानी जनकल्याणकारी स्कीमों को नए नाम देकर उनका दायरा विस्तृत कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने ताल्लुक़ात का ज़िक्र करते हुए उन्होंने लिखा कि दोनों के दरमियान कभी कोई लंबी गुफ़्तगू नहीं हुई। सोनिया के मुताबिक़, प्रधानमंत्री आमने-सामने नज़रें मिलाने से गुरेज़ करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीएम मोदी से उनका कोई ज़ाती झगड़ा नहीं है, बल्कि यह लड़ाई दो मुख़्तलिफ़ नज़रियों की है—एक तरफ़ गंगा-जमुनी तहज़ीब व सेक्युलर रिवायत है, तो दूसरी तरफ़ एक ख़ास सोच।

प्रणब दा की हसरत और चीन का मुआहदा

किताब में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी से जुड़ा एक दिलचस्प वाकया है। 2010 में पी. चिदंबरम से मतभेद के बाद प्रणब दा ने कहा था कि 'अब शीर्ष पर तब्दीली का वक़्त आ गया है', जिससे सोनिया को उनकी पीएम बनने की ख़्वाहिश का अंदाज़ा हुआ। उन्होंने 2008 में कांग्रेस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच समझौते का ज़िक्र करते हुए माना कि इससे कोई खास हासिल नहीं हुआ।

कैम्ब्रिज में पहली नज़र का प्यार

सियासत से परे, किताब में राजीव गांधी के साथ उनके इश्क़ की दास्तान बेहद पुरकशिश है। कैम्ब्रिज के एक रेस्तरां में राजीव को पहली बार देखने के एहसास को उन्होंने 'बिजली गिरने जैसा प्यार' बताया। पहली मुलाकात में दिल का धड़कना, हाथ कांपना और इटली में पिता को रेडियो से सगाई की खबर मिलने पर उनकी नाराजगी जैसे जज़्बाती पलों को सोनिया ने शिद्दत से कलमबंद किया है।

एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर फिर अड़चन



धीरज सिंह । मुंबई

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने पार्टी के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं पर बुधवार को कोई सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उचित समय आने पर इस बारे में सभी को जानकारी मिल जाएगी। उनके इस बयान के बाद दोनों गुटों के एक होने की संभावनाओं को लेकर राजनीतिक चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

- सुनेत्रा और पार्थ पवार की सहमति नहीं, नेतृत्व और एनडीए में जाने पर भी मतभेद
- सुनेत्रा पवार ने साधी चुप्पी, बोलीं- उचित समय आने पर सबको पता चल जाएगा

शरद पवार से मुलाकात के बाद बढ़ीं अटकलें

पिछले सप्ताह सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल और पार्थ पवार ने एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद दोनों गुटों के विलय की अटकलें तेज हो गई थीं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल को 10 नवंबर के बाद संभावित बैठक के बारे में चर्चा करते हुए भी देखा गया था। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने भी दावा किया था कि यदि अजित पवार जीवित होते तो दोनों गुटों का विलय इसी वर्ष फरवरी में हो गया होता।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल टाला

बुधवार को पत्रकारों ने जब सुनेत्रा पवार से विलय के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि फिलहाल सभी की दिलचस्पी इसी मुद्दे में अधिक है, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस का विषय अलग है। उन्होंने दोहराया कि उचित समय आने पर इस बारे में सबको पता चल जाएगा।

15 नवंबर को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

सुनेत्रा पवार भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगी। इसके तहत 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में सेवा सप्ताह आयोजित किया जाएगा।इस दौरान पुणे और बीड़ जिलों में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता, जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

महंगाई का झटका

एजेंसी । नई दिल्ली

खुदरा महंगाई के बीच आम उपभोक्ताओं को एक और झटका लगा है। मदर डेयरी के बाद देश की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने भी दूध की कीमतों में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि नई दरें 12 नवंबर से लागू होंगी। कीमतों में यह संशोधन अमूल के अलग-अलग दूध वेरिएंट पर लागू होगा।

- मदर डेयरी के बाद अमूल ने भी बढ़ाए दूध के दाम
- 12 नवंबर से नई कीमतें लागू



अमूल ताजा और गोल्ड के दाम में कितनी वृद्धि

जीसीएमएमएफ के अनुसार, तीन प्रतिशत मिल्क फैट वाले अमूल ताजा की कीमत दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है। वहीं, छह प्रतिशत मिल्क फैट वाले अमूल गोल्ड के दाम में चार रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। अलग-अलग वेरिएंट में फैट की मात्रा के आधार पर कीमतों में संशोधन किया गया है।

चारा और पैकेजिंग की बढ़ती लागत बनी वजह

फेडरेशन ने दूध की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे पशु चारे, पशु आहार, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन की बढ़ती लागत को जिम्मेदार बताया है। हरे और सूखे चारे के अलावा पशु आहार में इस्तेमाल होने वाली खली, मक्का और शीरे की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही दूध की पैकेजिंग और परिवहन का खर्च भी बढ़ा है। जीसीएमएमएफ के मुताबिक, बढ़ी हुई कीमतों से इनपुट लागत के दबाव के बीच दूध उत्पादक किसानों को बेहतर भुगतान करने में मदद मिलेगी। सहकारी महासंघ ने इससे पहले इसी साल मई में दूध की कीमतों में संशोधन किया था। लागत में लगातार बढ़ोतरी के चलते छह महीने के भीतर यह दूसरी मूल्यवृद्धि है। फेडरेशन ने बताया कि उसकी सदस्य यूनियनों ने पिछले एक वर्ष में किसानों को दिए जाने वाले दूध खरीद मूल्य में चार से पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है।

ब्रीफ न्यूज़

मराठा आरक्षण पर रोजाना सुनवाई की मांग बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठुकराई

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को मराठा समुदाय को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में दिए गए 10 फीसदी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर रोजाना सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति मकरंद कार्णिक, न्यायमूर्ति निजामुद्दीन जमादार और न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि मामले की नियमित अंतराल पर सुनवाई हो रही है और मौजूदा न्यायिक कामकाज को देखते हुए रोजाना सुनवाई संभव नहीं है। महाराष्ट्र सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग आरक्षण अधिनियम, 2024 के तहत यह आरक्षण लागू किया गया है। न्यायमूर्ति कार्णिक की पीठ के सामने 18 सितंबर से अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है। वरिष्ठ वकील अरविंद दातार की दलीलें सुनने के बाद फिलहाल वरिष्ठ वकील प्रदीप संचेती की दलीलें सुनी जा रही हैं। मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को होगी।

एससी-एसटी आरक्षण बढ़ाने की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट पहुंची

बंगलुरु। कर्नाटक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में बढ़ोतरी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। राज्य की कांग्रेस सरकार ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें एससी का आरक्षण 15 से बढ़ाकर 17 प्रतिशत और एसटी का आरक्षण 3 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत करने के फैसले को रद्द कर दिया गया था। राज्य सरकार का कहना है कि वह आरक्षण में बढ़ोतरी के फैसले को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार से इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी जानकारी के मुताबिक, सरकार ने विशेष अनुमति याचिका यानी एसएलपी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। सरकार ने बताया कि 27 अक्तूबर के सरकारी आदेश के तहत 28 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की मंजूरी दी गई थी। 15 अक्तूबर 2026 को राज्य मंत्रिमंडल ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने का निर्णय लिया था।

भारत ने वीजा सिस्टम बदला, अब सिर्फ 9 कैटेगरी



एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय वीजा व्यवस्था में बड़े बदलाव की घोषणा की है। बुधवार को मंत्रालय ने बताया कि अब मुख्य वीजा श्रेणियों की संख्या 13 से घटाकर 9 और उप-श्रेणियों की संख्या 49 से घटाकर 23 कर दी गई है। इसके अलावा, विदेशी नागरिकों के लिए वीजा आवेदन फॉर्म में भरे जाने वाले कॉलम भी 65 से 70 प्रतिशत तक कम किए गए हैं। नई व्यवस्था का उद्देश्य आवेदन प्रक्रिया को सरल और तेज बनाना है। मंत्रालय के मुताबिक, इसे इस वर्ष के अंत तक लागू कर दिया जाएगा।

ई-वीजा और विजिटर वीजा का नया स्वरूप

मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2025 में भी वीजा व्यवस्था में बदलाव करते हुए मुख्य श्रेणियों को 22 से घटाकर 13 और उप-श्रेणियों को 63 से घटाकर 49 किया गया था। फिलहाल 172 देशों के नागरिकों को 13 उप-श्रेणियों के तहत ई-वीजा की सुविधा उपलब्ध है। नई व्यवस्था में टूरिस्ट वीजा का नाम बदलकर विजिटर वीजा कर दिया गया है। इसका दायरा सामान्य पर्यटन के अलावा कारोबारी बैठकों, चिकित्सा परामर्श और कुछ अल्पकालिक गतिविधियों तक बढ़ाया गया है। विजिटर वीजा को V-1 और V-2 नाम की दो उप-श्रेणियों में बांटा गया है। V-1 वीजा 30 दिनों के लिए जारी होगा और इसमें कई बार भारत आने की अनुमति होगी। इसके तहत कारोबारी बैठक, मेडिकल परामर्श, वेलनेस रिट्रीट, कम अवधि का इलाज तथा भारतीय भाषाओं, संगीत, कला और शिल्प के अल्पकालिक पाठ्यक्रम शामिल होंगे।

वन मंत्री नाईक के सरकारी बंगले में लगी आग



मुंबई। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाईक के सरकारी बंगले में बुधवार को आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। पिछले कुछ दिनों से मुंबई में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। खासकर दिवाली में आग की बहुत घटनाएं हुईं। बुधवार को भी शहर में आग लगने की घटनाएं हुईं। मंत्रालय के सामने मंत्रियों के बंगले हैं, उनमें से पवनगढ़ बंगले में आग लग गई। बंगले के एयर कंडीशनिंग सिस्टम में खराबी के कारण आग लगी। कुछ ही समय में आग बढ़ गई और धुएं का गुबार उठने लगा। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को नियंत्रण में किया। प्राथमिक अनुमानों के अनुसार बिजली के सिस्टम में खराबी के कारण आग लगी थी। हालांकि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

कुलगाम में आतंकी हमला, 3 सीपीआरएफ जवान घायल

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने अखरान स्थित सीआरपीएफ कैंप के बाहर नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। इस हमले में तीन जवान घायल हो गए। उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावर करीब 15 सेकंड में 30 राउंड गोलियां चलाते दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 2.15 बजे हुई। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो तथा राकेश दास के रूप में हुई है। तीनों सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन में तैनात हैं। एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग करने के बाद बाइक सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।



गृह मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठक

हमले के बाद गृह मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठक चल रही है। इसमें सीआरपीएफ के महानिदेशक अधिकारियों को घटना से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं।

गैंगस्टर टीपू पर मकोका के तहत कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

- टीपू के खिलाफ पहले से 17 आपराधिक मामले दर्ज



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

कांदिवली पूर्व स्थित हनुमान नगर में 12 सितंबर 2026 की रात करीब 3 बजे महाराष्ट्र बिरयानी सेंटर के पास विवाद के दौरान गैंगस्टर इम्तियाज हुसैन सैयद उर्फ टीपू और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता व उसके दोस्तों को घेर लिया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने धारदार चाकू दिखाकर उन्हें धमकाया और पत्थर व लकड़ी के डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में समता नगर पुलिस स्टेशन में हत्या के प्रयास, गंभीर चोट पहुंचाने, मारपीट, गैरकानूनी जमावड़े और धमकी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, टीपू समता नगर और कुरार इलाके में आपराधिक गिरोह चलाकर अपना दबदबा कायम करता था। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, हत्या की साजिश, गंभीर मारपीट, जान से मारने की धमकी, महिलाओं के खिलाफ अपराध, घातक हथियारों के इस्तेमाल, नशीले पदार्थों की बिक्री और प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन सहित कुल 17 मामले दर्ज हैं।

अद्भुत शोध दृश्य देखने के 70 मिलीसेकंड के भीतर ही दिमाग में शुरू हो जाती है सूचनाओं की पहचान

कौए इंसानों और बंदरों से दोगुनी तेजी से लेते हैं फैसले

एजेंसी । बर्लिन

आसमान में उड़ते समय अचानक दिशा बदलना हो या जमीन पर पड़े भोजन को झपटना, कौओं की फुर्ती अक्सर देखने को मिलती है। अब जर्मनी के वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन में उनकी दिमागी क्षमता को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। शोध के मुताबिक, कौए किसी दृश्य को देखकर महज 235 मिलीसेकंड यानी एक सेकंड के लगभग चौथाई हिस्से में फैसला कर सकते हैं। यह गति इंसानों और बंदरों की तुलना में करीब दोगुनी है।

235 मिलीसेकंड में पहचान लेते हैं दिशा



चलते बिंदुओं की दिशा पहचानने का प्रयोग

जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ ट्यूबिंगेन के शोधकर्ताओं ने दो कैरियन कौओं पर यह प्रयोग किया। उनके सामने टचस्क्रीन पर कई चलते हुए बिंदु दिखाए गए। इन बिंदुओं में ज्यादातर बाईं या दाईं ओर बढ़ रहे थे। कौओं को उनकी दिशा पहचानकर स्क्रीन पर उसी तरफ बने निशाने पर चोंच मारनी थी। प्रयोग में आसान और कठिन, दोनों तरह के पैटर्न रखे गए। कुछ में बिंदुओं की दिशा स्पष्ट थी, जबकि कुछ में उसे पहचानना मुश्किल था। इसके बावजूद कौओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। जब दिशा स्पष्ट थी, तब उनकी सटीकता करीब 100 प्रतिशत तक पहुंच गई।

दिमाग को 70 मिलीसेकंड में मिल गया संकेत

अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कौओं के दिमाग की तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधियों को भी रिकॉर्ड किया। उन्होंने दिमाग के 'निडोपैलियम कॉडलैटरेल' नामक हिस्से पर ध्यान केंद्रित किया, जो सूचनाओं के विश्लेषण और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका कार्य स्तनधारियों के दिमाग के प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स से मिलता-जुलता है।

अलग बनावट के बावजूद इंसानों जैसी समझ

इंसानों और बंदरों के दिमाग में सेरेब्रल कॉर्टेक्स की परतदार संरचना होती है, जबकि पक्षियों के दिमाग में ऐसी संरचना नहीं होती। इसके बावजूद कौए सूचनाओं को समझने और निर्णय लेने में ऐसे बुनियादी सिद्धांतों का इस्तेमाल करते दिखाई देते हैं, जो स्तनधारियों में भी पाए जाते हैं। इससे पता चलता है कि जटिल बौद्धिक क्षमता के लिए इंसानों जैसी दिमागी संरचना होना जरूरी नहीं है।

दो गज जमीन के लिए दिनभर भटकता रहा महिला का शव

- टेकड़ी कब्रिस्तान प्रबंधन ने पहले दफनाने से किया इनकार
- पुलिस और मनपा के हस्तक्षेप के बाद महिला को किया गया सुपुर्द-ए-खाक

अभय त्रिपाठी । कल्याण

इंसान की मौत के बाद उसे दो गज जमीन भी नसीब न हो, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। कल्याण में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां मृतक महिला वसीमुन्निसा काजी के शव को दफनाने के लिए परिजनों को दिनभर परेशान होना पड़ा। टेकड़ी स्थित कब्रिस्तान प्रबंधन द्वारा शुरुआत में शव दफनाने से इनकार किए जाने के कारण कई घंटों तक तनाव और बहस का माहौल बना रहा। आखिरकार पुलिस और कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद महिला को उसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।



मनपा आयुक्त ने बुलाई बैठक

मामले को गंभीरता से लेते हुए केडीएमसी आयुक्त अभिनव गोयल ने सोमवार को बैठक बुलाई है। इस बैठक में कब्रिस्तान की समस्या और मोहने-टिटवाला क्षेत्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। घटनास्थल पर मनपा अधिकारी, कल्याण एसीपी अशोक होनमाने, बाजारपेठ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश न्हायदे तथा महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (क्राइम) संभाजी नाइक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुस्लिम समाज में नाराजगी, कब्रिस्तान की व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना को लेकर मुस्लिम समाज में नाराजगी देखने को मिली। समाज के लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर मौत के बाद भी एक महिला को दफनाने के लिए कई घंटों तक क्यों भटकना पड़ा? कांग्रेस नगरसेविका कांचन कुलकर्णी ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि किसी मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए दो गज जमीन हासिल करने के लिए घंटों भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि मोहने और टिटवाला क्षेत्र में मुस्लिम समाज की हजारों की आबादी रहती है, लेकिन वहां अपना कब्रिस्तान नहीं है। कुलकर्णी ने मांग की कि मोहने और टिटवाला क्षेत्र के लिए अलग कब्रिस्तान की व्यवस्था की जाए। इसके लिए महानगरपालिका प्रशासन आरक्षित जमीन का जल्द से जल्द आवंटन करे, ताकि भविष्य में किसी परिवार को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मोहने की निवासी होने का हवाला देकर किया इनकार

जानकारी के अनुसार, वसीमुन्निसा काजी के निधन के बाद परिजन उनका शव लेकर कल्याण के टेकड़ी कब्रिस्तान पहुंचे थे। कब्र खोदने का काम शुरू होने के दौरान कब्रिस्तान प्रबंधन ने यह कहते हुए दफनाने से मना कर दिया कि मृतका मोहने क्षेत्र की निवासी थीं और यह इलाका उनके कब्रिस्तान के कार्यक्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद परिजनों और कब्रिस्तान प्रबंधन के बीच विवाद शुरू हो गया।

पुलिस और मनपा के हस्तक्षेप के बाद बनी सहमति

इस बीच परिजन शव को लेकर प्रेम ऑटो की ओर जाने लगे, लेकिन पुलिस ने शव को रोक दिया। मामले को लेकर दिनभर पुलिस प्रशासन, परिजनों और कब्रिस्तान प्रबंधन के बीच बातचीत और बहस का दौर चलता रहा। अंततः पुलिस और मनपा अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद टेकड़ी स्थित कब्रिस्तान में ही महिला के शव को दफनाने की अनुमति दी गई।

सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने के मामले में 33 केस दर्ज

कल्याण । मुंबई



दीपावली के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कल्याण पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने के आरोप में कल्याण पुलिस परिमंडल-3 के अंतर्गत अब तक कुल 33 मामले दर्ज किए गए हैं।

ध्वनि और वायु प्रदूषण रोकने के लिए प्रतिबंध

दीपावली के दौरान पटाखों से होने वाले ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के साथ ही नागरिकों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़कर न्यायालय के आदेश और नियमों की अनदेखी किए जाने की शिकायतें सामने आईं।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की और अब तक 33 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के जरिए स्पष्ट संदेश दिया गया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने और न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

भादवड़ तालाब में डूबने से बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर



- नहाने के दौरान गहरे पानी में गए दो बच्चे, स्थानीय व्यक्ति ने एक को बचाया

शारिफ अंसारी । भिवंडी

भिवंडी के भादवड़ तालाब में बुधवार को दो बच्चों के डूबने से दर्दनाक हादसा हो गया। इस घटना में 12 वर्षीय आयुष मौर्य की मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा अनिकेत गंभीर रूप से घायल है। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा और तलाशी अभियान शुरू किया। करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 2:30 बजे आयुष को तालाब से बाहर निकाला गया। उसे तत्काल आईजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

खेलते-खेलते तालाब में उतरे थे बच्चे

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भिवंडी के भादवड़ इलाके के योगी धाम में रहने वाला 12 वर्षीय आयुष मौर्य बुधवार दोपहर अपने साथी अनिकेत (12) सहित तीन बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते-खेलते तीनों बच्चे भादवड़ तालाब के पास पहुंच गए। गर्मी और मस्ती के बीच आयुष और अनिकेत नहाने के लिए तालाब में उतर गए। शुरुआत में पानी कम लगा, लेकिन अचानक पैर फिसलने से दोनों गहरे पानी में चले गए। दोनों बच्चे हाथ-पैर मारते हुए मदद के लिए चिल्लाने लगे।

स्थानीय व्यक्ति ने अनिकेत को बचाया

तीसरे बच्चे की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। इस दौरान एक व्यक्ति ने साहस दिखाते हुए तालाब में छलांग लगाई और अनिकेत को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, तब तक आयुष पानी में डूब चुका था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना शांतिनगर पुलिस को दी। पुलिस बचाव दल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब साढ़े तीन घंटे के तलाशी अभियान के बाद दोपहर 2:30 बजे आयुष को बाहर निकाला गया। उसे तत्काल आईजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एक परिवार में मातम, दूसरे की सलामती की दुआ

दूसरी ओर, अनिकेत का अस्पताल में उपचार जारी है। उसके परिजन बच्चे की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं, जबकि आयुष के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने भादवड़ के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

मंदिर में चोरी के आरोपित को लोगों ने पकड़ा, सामान बरामद

पालघर । मुंबई

वसई फाटा के गडग्याचा पाड़ा में बुधवार सुबह करीब पांच बजे स्थानीय लोगों ने मंदिर से सामान चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपित पेल्हार पुलिस की हिरासत में है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपित ने तांबे के दीपक और भजन-कीर्तन में इस्तेमाल होने वाली मशीनें चोरी करने के लिए पैक कर ली थीं। सामान समेटने के बाद वह मंदिर परिसर में ही बैठा रहा। लोगों की नजर उस पर पड़ते ही उन्होंने उसे पकड़ लिया और पेल्हार पुलिस थाने को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने आरोपित को चोरी के सामान के साथ काले रंग की एक एक्टिवा सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

4 एटीएम केंद्रों से 8 एयर कंडीशनर चोरी

भिवंडी। भिवंडी में एटीएम केंद्रों से एयर कंडीशनर चोरी होने की घटनाओं ने बैंक प्रबंधन की चिंता बढ़ा दी है। अज्ञात चोरों ने कशेली, कामतघर और राहनाल इलाके के चार एटीएम केंद्रों को निशाना बनाकर कुल आठ एसी और उनके आउटडोर यूनिट चुरा लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 2 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। नारपोली पुलिस ने दोनों घटनाओं में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, कशेली स्थित नारायण हरी अपार्टमेंट के नीचे एसबीआई बैंक के एटीएम परिसर में लगे वोल्टास कंपनी के एक टन क्षमता वाले दो एसी और उनके आउटडोर यूनिट चोरी हो गए। यह वारदात 25 अक्टूबर से 7 नवंबर 2026 के बीच हुई। चोरी गए सामान की कीमत 60 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में निवृत्ती पाटणे (51) की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला दर्ज किया है।

दूसरी घटना में 6 नवंबर की सुबह 7.30 बजे से 7 नवंबर की दोपहर 12 बजे के बीच चोरों ने कामतघर रिक्शा स्टैंड के पास स्थित एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के एटीएम तथा राहनाल स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। इन तीनों केंद्रों से कुल छह एसी और उनके आउटडोर यूनिट चोरी किए गए। इस सामान की कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। गोविंदा नंदनकर (32) की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में भी बीएनएस की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया है।

दोनों मामलों की जांच पुलिस हवलदार अजित विनायक गुंजाल कर रहे हैं। पुलिस एटीएम परिसरों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही स्थानीय लोगों से पूछताछ कर चोरों की तलाश में जुटी है

सिपाही को 200 मीटर तक कार के बोनट पर घसीटा

रायगढ़। जिले में पनवेल के पास पुलिस के नियमित जांच अभियान के दौरान दुस्साहसिक वारदात अंजाम दी गई। एक कार चालक ने सिपाही को बोनट पर लगभग 200 मीटर तक घसीटा। घायल कांस्टेबल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार रात कलमबोली इलाके में हुई और आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल की पहचान दिलीप भोई के रूप में हुई है। उनके पैर की हड्डी टूट गई है और वह पास के एक अस्पताल में भर्ती है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिसकर्मी एक नाकाबंदी पर वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी उन्होंने एक तेज रफ्तार कार को रुकने का इशारा किया। चालक ने वाहन नहीं रोका, जिससे कार बेकाबू होकर पुलिसकर्मी से टकरा गई।



कार चालक ने कांस्टेबल को घसीटा

अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के कारण दिलीप भोई उछलकर कार के बोनट पर जा गिरे। कार चालक ने वाहन रोकने की बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी और सिपाही को लगभग 200 मीटर तक घसीटने के बाद मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना में शामिल वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी, जिससे पुलिस के लिए वाहन का पता लगाना मुश्किल हो गया है।

फर्जी नंबर प्लेट वाली कार की तलाश

पुलिस की टीम आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और गाड़ी के मालिक का पता लगाने व फरार संदिग्धों को पकड़ने में जुटी हैं। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता और भाई पर चलाई गोली

आरोपी गिरफ्तार, पुलिस कर रही जांच


कल्याण। कल्याण तालुका के टिटवाला स्थित गुरवली गांव में संपत्ति विवाद को लेकर सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक बेटे ने संपत्ति के विवाद में अपने ही पिता और सगे भाई पर गोलीबारी कर दी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी कल्पेश शेलार ने अपने पिता बालाराम शेलार और सगे भाई भरत शेलार पर गोलियां चलाईं। गोली लगने से बालाराम शेलार के पेट में, जबकि भरत शेलार के कंधे में चोट आई है। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोलीबारी करने वाले आरोपी कल्पेश शेलार को गिरफ्तार कर लिया है। टिटवाला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डहाणू में बछड़ों पर हमला करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

- थर्मल ड्रोन, लाइव स्ट्रीमिंग और ट्रैप कैमरों की मदद से वन विभाग ने चलाया अभियान



पालघर। जिले के डहाणू तहसील स्थित तणाशी भिमरपाड़ा में बछड़ों पर हमला करने वाले तेंदुए को वन विभाग की टीम ने बुधवार तड़के पिंजरे में सुरक्षित पकड़ लिया। वन विभाग ने इस अभियान में थर्मल ड्रोन, लाइव स्ट्रीमिंग और ट्रैप कैमरों की मदद ली। वन विभाग के अनुसार, 10 नवंबर को तेंदुए ने एक बस्ती में बछड़ों पर हमला किया था। इसके बाद वनकर्मियों और डहाणू रेस्क्यू टीम ने इलाके में पिंजरे लगाए। मंगलवार रात तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। क्षेत्र में बड़ी संख्या में चिकू की वाड़ियां होने के कारण तेंदुए के झाड़ियों में छिपे रहने की आशंका थी। ऐसे में उसकी तलाश और निगरानी के लिए आधुनिक उपकरणों की मदद ली गई।

जिले में पिछले एक महीने के दौरान तेंदुए के हमले में दो महिलाओं की मौत हो चुकी है। हालांकि, इन घटनाओं और पकड़े गए तेंदुए के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अमोल पिंपले ने बताया कि तेंदुए को स्वास्थ्य जांच और पहचान के लिए ठाणे स्थित ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर भेजा जाएगा।

मिलावटी घी बनाने का पर्दाफाश, 58 किलो घी जब्त

- हाइड्रोजनीकृत वनस्पति घी और पाम तेल मिलाकर तैयार किया जा रहा था नकली घी, 55 वर्षीय व्यापारी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुंब्रा पुलिस और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने वीर सावरकर नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर 58 किलोग्राम मिलावटी घी जब्त किया है। इस मामले में 55 वर्षीय व्यापारी मनोज साहू को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, फ्लैट में हाइड्रोजनीकृत वनस्पति घी और पाम तेल मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था।

मुंब्रा पुलिस के मुताबिक, 6 नवंबर को पुलिस थाने की सीमा में मादक पदार्थ विरोधी दस्ते के अधिकारी नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस कांस्टेबल नवनाथ थोरवे को वीर सावरकर नगर स्थित एक आवासीय फ्लैट में नकली घी तैयार किए जाने की गोपनीय सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने एफडीए अधिकारियों से संपर्क कर संयुक्त कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान घी बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और उपकरण भी जब्त किए गए।



शुद्ध घी जैसा दिखाने के लिए मिलावट

प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी शुद्ध घी जैसा दिखाने के लिए वनस्पति घी में पाम तेल मिलाकर मिलावटी घी तैयार कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ में मनोज साहू ने घी बिक्री के लिए तैयार किए जाने की बात स्वीकार की है। उसके खिलाफ मुंब्रा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस और एफडीए की टीम अब यह पता लगा रही है कि आरोपी ने यह मिलावटी घी किन दुकानदारों और कारोबारियों को बेचा था। साथ ही, छापे से पहले बेचे गए घी की मात्रा और उसकी आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस घी के सेवन से किसी नागरिक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई है या नहीं।

एक सदस्य अपात्र तो पूरे परिवार का राशन बंद न करें : राज्य अन्न आयोग

■ पात्र सदस्यों का अनाज लाभ जारी रखने के निर्देश, बंद किए गए लाभों की दोबारा जांच कर तत्काल बहाली की सिफारिश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

एक ही राशन कार्ड में शामिल परिवार के किसी एक सदस्य के अपात्र पाए जाने पर पूरे परिवार का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ बंद नहीं किया जाना चाहिए। राज्य अन्न आयोग ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया है। आयोग ने कहा है कि प्रत्येक मामले की क्षेत्रीय स्तर पर वास्तविक जांच की जाए और पात्र सदस्यों को अनाज का लाभ मिलता रहे। जिन नागरिकों का लाभ अपात्र बताकर बंद किया गया है, उनमें पात्र लोगों का लाभ तत्काल बहाल किया जाए।



पात्र सदस्यों का राशन लाभ बंद करना अनुचित

आयोग ने कहा है कि एक ही राशन कार्ड पर नाम दर्ज होने के बावजूद यदि कुछ सदस्य अलग-अलग रहते हैं, तो एक सदस्य की आर्थिक स्थिति के आधार पर अन्य सदस्यों का अनाज का लाभ बंद करना उचित नहीं है। ऐसे मामलों में मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच की जानी चाहिए। अलग रहने वाले परिवारों के राशन कार्ड अलग किए जाएं और पात्र सदस्यों का योजना का लाभ जारी रखा जाए।

संयुक्त परिवारों के सामने आ रही परेशानी

राज्य अन्न आयोग के अध्यक्ष महेश ढवळे ने सरकार को भेजे पत्र में इस प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी संयुक्त परिवार व्यवस्था प्रचलित है। कई जगह एक ही राशन कार्ड पर दो या उससे अधिक स्वतंत्र परिवार रहते हैं। ऐसे मामलों में यदि राशन कार्ड में शामिल किसी एक सदस्य के आयकरदाता होने या उसके नाम पर चारपहिया वाहन होने की जानकारी मिलती है, तो पूरे राशन कार्ड के लाभार्थियों को अपात्र ठहरा दिया जाता है। आयोग के पास इस तरह की शिकायतें आई हैं।

विभिन्न विभागों के डेटाबेस से हो रही जांच

केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार, राशन कार्ड प्रबंधन प्रणाली के आंकड़ों का आयकर विभाग, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और पीएम किसान योजना के डेटाबेस से मिलान किया गया है। इस जांच के आधार पर अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से बाहर करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। हालांकि, राज्य सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि केवल संदेह के आधार पर किसी पात्र लाभार्थी का अनाज का लाभ बंद नहीं किया जाना चाहिए।

बंद किए गए लाभों की फिर से हो जांच

आयोग ने कहा कि राज्य में सूखे की स्थिति के कारण किसानों के साथ आम नागरिक भी आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र लोगों को अनाज के लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए जिन लाभार्थियों का राशन बंद किया गया है, उनकी दोबारा जांच जरूरी है। जिला आपूर्ति अधिकारियों, खाद्यान्न वितरण अधिकारियों और संबंधित विभागों को इस प्रक्रिया पर नजर रखनी चाहिए !

केईएम अस्पताल में लिफ्ट बंद

■ प्लास्टर लगे पैर से सीढ़ियां उतरने को मजबूर बुजुर्ग

■ वीडियो सामने आने पर स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

मोहम्मद मुकीम शेख । मुंबई

मुंबई के केईएम अस्पताल के सेठ धुरमल बजाज अस्थिव्यंग केंद्र में लिफ्ट बंद होने के कारण एक बुजुर्ग मरीज को प्लास्टर चढ़े पैर के साथ सीढ़ियों पर बैठकर नीचे उतरना पड़ा। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद महानगरपालिका की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मुंबई महानगरपालिका की सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष हरीश भांदिर्गे ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मरीज को न व्हीलचेयर मिली, न स्ट्रेचर और न ही किसी कर्मचारी की मदद। मजबूरी में उसे एक-एक पायदान बैठकर नीचे उतरना पड़ा। उन्होंने इसे मरीज की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही बताया।

अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग



भांदिर्गे ने सवाल उठाया कि अस्पताल की लिफ्ट का समय पर रखरखाव क्यों नहीं किया गया और खराब होने पर उसे बदलने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण एमआरआई, सीटी स्कैन और लिफ्ट जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद मरीजों को ऐसी परेशानियां झेलनी पड़ना शर्मनाक है।

संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने की मांग

स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने प्रशासन से मामले की जिम्मेदारी तय कर संबंधित मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने तथा उन्हें मौजूदा पदों से हटाने की मांग की है। इस घटना ने महानगरपालिका अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

15 दिसंबर तक आदिवासी परिवारों को मिलेंगे जमीन के प्रॉपर्टी कार्ड: बावनकुले

मुंबई/गड़चिरोली। क्रांतिसूर्य भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर 11 से 18 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर को गड़चिरोली में आयोजित होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन शामिल होंगे और आदिवासियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम का देशभर में सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस बीच राज्य सरकार ने आदिवासी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत 15 दिसंबर तक आदिवासी परिवारों को उनकी जमीन के प्रॉपर्टी कार्ड देने का लक्ष्य रखा गया है।



स्वतंत्रता से पहले से जिन जमीनों पर आदिवासी खेती कर रहे हैं, उन्हें वनपट्टे और मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज दिए जाएंगे। इसके अलावा 1 जनवरी 2011 से पहले बने मकानों को भी मालिकाना हक देने का निर्णय लिया गया है।

सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जमीन के दस्तावेज नहीं होने के कारण कई आदिवासी परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले आदिवासी समाज के विकास पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया और इस समुदाय को अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा। अब सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए विशेष योजनाएं बनाई हैं। साथ ही आदिवासी युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगारमूलक कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं।

गोकुल दूध संघ के संबंध में बावनकुले ने कहा कि चुनावी राजनीति अब समाप्त हो चुकी है। अब संघ के साढ़े पांच लाख दूध उत्पादकों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने सभी संचालकों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संघ की प्रगति के लिए काम करने की अपील की।

सरकार ने कॉकरोच से निपटना सरकार ने सीख लिया है: सीएम



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सरकार ने कॉकroach जनता पार्टी (सीजेपी) से निपटने का तरीका सीख लिया है। उन्होंने स्वीकार किया कि शुरुआत में यह संगठन पारंपरिक राजनीतिक दलों से अलग था, इसलिए सरकार को समझ नहीं आ रहा था कि इससे कैसे निपटा जाए। दिवाली के अवसर पर मीडिया के साथ अनौपचारिक बातचीत में फडणवीस ने कहा कि अब सरकार जानती है कि इस संगठन से कैसे निपटना है। फडणवीस ने 2029 के लोकसभा चुनाव में सीजेपी की संभावित भूमिका पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि संगठन चुनावी राजनीति में उतरता है या चुनाव से दूर रहता है, दोनों ही स्थितियां उसके लिए बड़ी चुनौती होंगी।

छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप, छात्र गिरफ्तार

■ ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर वारदात को अंजाम देने का आरोप

■ घटना के बाद छत्तीसगढ़ भाग गया था आरोपी

मुंबई। एक नामी कॉलेज के 22 वर्षीय छात्र को अपनी ही कॉलेज की छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। घटना 29 अक्तूबर को मालाड पश्चिम के मड आइलैंड में आयोजित एक पार्टी के दौरान हुई थी। वारदात के बाद आरोपी मुंबई से भागकर छत्तीसगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव चला गया था। जुहू पुलिस की टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, कॉलेज के कुछ छात्रों ने मड आइलैंड में पार्टी आयोजित की थी। यह इलाका मालवणी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है। आरोप है कि पार्टी के दौरान आरोपी ने छात्रा की ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया। इसे पीने के बाद छात्रा बेहोश हो गई। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया।

परिजनों की शिकायत पर दर्ज हुई जीरो एफआईआर



पीड़िता ने नवंबर के पहले सप्ताह में हिम्मत जुटाकर अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर जुहू पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 74, 123 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। चूंकि घटना मालवणी इलाके में हुई थी, इसलिए वहां पहले जीरो एफआईआर दर्ज की गई। पीड़िता के माता-पिता के अनुरोध पर आगे की जांच जुहू पुलिस को सौंप दी गई।

छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर मुंबई लाई पुलिस

मामले की जांच शुरू करने के बाद जुहू पुलिस को पता चला कि आरोपी मुंबई छोड़कर छत्तीसगढ़ स्थित अपने गांव चला गया है। इसके बाद पुलिस की एक टीम तत्काल वहां भेजी गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय अदालत से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पुलिस उसे मुंबई लेकर आई। यहां अदालत में पेश किए जाने पर उसे शुक्रवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में एक अन्य संदिग्ध का नाम भी सामने आया है। हालांकि, वारदात में उसकी क्या भूमिका थी और वह इसमें शामिल था या नहीं, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस उसकी भूमिका की जांच कर रही है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

झोपड़पट्टी में भीषण आग, दमकलकर्मी घायल

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वडाला इलाके में मंगलवार रात झोपड़पट्टी में लगी भीषण आग के दौरान दो एलपीजी सिलेंडरों में जोरदार विस्फोट होने से अफरा-तफरी मच गई। माला गार्डन के पास प्रतीक्षा नगर में आग की चपेट में आने से एक दमकलकर्मी घायल हो गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार तड़के आग पर काबू पाया। घायल दमकलकर्मी सिराज अजीज पठान के होंठ, हाथ और चेहरे पर मामूली चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



आग लगने के कारणों की जांच शुरू

दिवाली के दौरान मुंबई में आग लगने की घटनाओं के बीच वडाला की इस घटना ने घनी झोपड़पट्टियों में गैस सिलेंडरों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर चिंता बढ़ा दी है। बीएमसी अग्निशमन दल और स्थानीय पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। बीएमसी प्रशासन ने नागरिकों से झोपड़पट्टियों और आवासीय इलाकों में गैस सिलेंडरों का सावधानीपूर्वक रखरखाव करने की अपील की है।

झोपड़पट्टी में सिलेंडर विस्फोट

मुंबई अग्निशमन दल के नियंत्रण कक्ष को मंगलवार रात 10.51 बजे झोपड़पट्टी में आग लगने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद दमकल की कई गाड़ियां और राहतकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। झोपड़ियों में रखे एलपीजी सिलेंडरों और आग की तेजी से फैलती लपटों के कारण बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया। इसी दौरान दो गैस सिलेंडरों में जोरदार विस्फोट हुए, जिससे आग और भड़क गई। इस दौरान दमकलकर्मी सिराज अजीज पठान घायल हो गए। दमकलकर्मियों ने तंग गलियों और तेज लपटों के बीच जोखिम उठाकर राहत एवं बचाव कार्य जारी रखा। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार तड़के करीब 1.25 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

मध्य रेल

मौजूदा एयर डक्ट को बदलने का कार्य

निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/डब्ल्युसी/2212/25–26/28 **1. कार्य का विवरण:–** TS वंदे भारत कोचों में मौजूदा एयर डक्ट को बदलकर, एक समान क्रॉस–सेक्शन वाले चौड़े AC डक्ट असेंबली (संशोधित रूप) को लगाना। **2. मात्रा:–** रेट शेड्यूल के अनुसार, **3. निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:–** 25.11.2026, 12:00 बजे तक, **4.** निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई–टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी। 736

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

मध्य रेल

पोर्टेबल स्पेक्ट्रोमीटर (XRF) का AMC और कैलिब्रेशन

निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/डब्ल्यूसी/2218/26–27/34 **1. कार्य का विवरण:–** पोर्टेबल स्पेक्ट्रोमीटर (XRF) का AMC और कैलिब्रेशन। **2. मात्रा:–** रेट शेड्यूल के अनुसार, **3. निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि:–** 20.11.2026, 12:00 बजे तक, **4.** निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई–टेंडरिंग प्रारूप में ही स्वीकार की जाएंगी। 740

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामला


पांच आरोपियों की पुलिस हिरासत 16 नवंबर तक बढ़ी

■ मकोका कोर्ट ने दी माता-पिता से फोन पर बात करने की अनुमति

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में बुधवार को विशेष मकोका हॉलिडे कोर्ट ने पांच आरोपियों की पुलिस हिरासत 16 नवंबर तक बढ़ा दी। इनमें फूल सिंह, रेहान, कुणाल, सुमित और अंकित शामिल हैं। अभियोजन पक्ष ने सात दिन की अतिरिक्त हिरासत की मांग करते हुए दलील दी कि आरोपियों से मुख्य आरोपी सुनेहा पंडित के सामने बैठाकर पूछताछ करनी है। अदालत ने पांचों आरोपियों को अपने माता-पिता से फोन पर बात करने की अनुमति भी दी। साथ ही स्पष्ट किया कि उनकी फोन पर बातचीत रिकॉर्ड नहीं की जाएगी। पुलिस ने अदालत को बताया कि फूल सिंह के नाबालिग होने के दावे की जांच के लिए हरियाणा में एक टीम भेजी गई है। उसकी उम्र के सत्यापन की रिपोर्ट 18 नवंबर को अदालत में पेश की जाएगी। मामले में अब तक कुल 13 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से सात को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि सुनेहा पंडित की पुलिस हिरासत भी 16 नवंबर तक है।

जुहू में कार पर की गई थी फायरिंग

18 अक्टूबर को जुहू स्थित पुष्पा नरसी पार्क के पास बाइक सवार हमलावरों ने टाइगर श्रॉफ की कार पर पांच से छह राउंड फायरिंग की थी। इस घटना में अभिनेता सुरक्षित बच गए थे। वारदात के बाद मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की। 19 अक्टूबर को राजस्थान के कोटा से फूल सिंह, रेहान अंसारी और ऋतिक महतो उर्फ रोशन को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, हमले में इन आरोपियों की अलग-अलग भूमिका थी। इसके बाद दिल्ली, हरियाणा और अन्य स्थानों से भी गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस ने वारदात के तार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने की आशंका जताई है। सोशल मीडिया पर गैंग से जुड़े अनिल पंडित की ओर से हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा भी सामने आया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत कार्रवाई की है।



कुर्ला में दिनदहाड़े गोलीबारी

■ 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

■ पुरानी रंजिश के चलते हमले की आशंका



मुंबई। कुर्ला पश्चिम के माकडवाला कंपाउंड इलाके में बुधवार दोपहर दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में विनोद मल्लाप्पा पवार (40) की मौत हो गई। दोपहिया वाहन से आए अज्ञात हमलावरों ने उन पर तीन गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल पवार को तत्काल भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश होने की आशंका जता रही है। डीसीपी गणेश शिंदे के अनुसार, घटना बुधवार दोपहर करीब 12.40 बजे वी. बी. नगर पुलिस थाने की सीमा में माकडवाला कंपाउंड के हलाव पुल के पास हुई। बाइक से पहुंचे हमलावरों ने विनोद पवार पर तीन गोलियां दागीं और फरार हो गए। सूचना मिलते ही वी. बी. नगर पुलिस और अन्य पुलिस दल मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

MAHAVITARAN Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

TENDER NOTICE

Tenders are invited from eligible bidder for following works

Tender No / Estimated Amount / Tender form fee Particulars of Tender	Last date of Submission	date of opening date
SE/TUC/Tech/PTF Minor Repair/T-18/2026-27/Rs.5000/-(+GST)/Rs.,60,00,000/- Annual Maintenance contract for work of Minor Repairs of Power Transformers under Thane-I, Thane-II, Wagle Estate, Mulund and Bhandup Division under Thane Urban Circle< Bhandup Zone.	20.11.2026	20.11.2026

The Tender documents are available at Thane (U) Circle office and also on website www.mahadiscom.in from **12.11.2026.** Submit the Tender offer on the above mentioned submission date upto 15.00 hrs. Contact person Ex. Engineer (Adm) Tel.No. 8879625005

SUPERINTENDING ENGINEER (TUC)

पश्चिम रेलवे

ट्रैक रखरखाव कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (निर्माण), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 **ई-निविदा सूचना संख्या BCT/26-27/222 दिनांक 06.11.2026 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम एवं स्थान:** उकाईसोंगढ–जलगांव सेक्शन में निम्नलिखित ट्रैक रखरखाव कार्य किया जाना है— TRR(P) – 9.917 ट्रैक किलोमीटर एवं TSR(P) – 25.81 ट्रैक किलोमीटर (ठेकेदार के PQRS पोर्टल द्वारा)। TTR (FS+CS+CMSC) – 13 सेट। TTR (TWS+WCMS) – 114 सेट। TWSEJS – 140 सेट। TBR – 44.05 ट्रैक किलोमीटर। TFR – 176.774 ट्रैक किलोमीटर। उक्त कार्य वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), मुंबई सेंट्रल, पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में किया जाएगा। **अनुमानित लागत:** 14,30,48,315.32 **ईएमडी (EMD):** 28,61,000/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** 08.12.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि: 08.12.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर संपर्क करें। नोट: मैनुअल (हस्तलिखित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 0803

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

सेक्शन में करोडिड इस्पात संरचनाओं का कार्य **खुली ई–निविदा संख्या: केवायएन–एलडी– 585–डब्लु–766–कॉट–R4 अ. क्र.:–** 1, **कार्य का विवरण:–** मुंबई मंडल के कल्याण–लोनावला (SE) सेक्शन में करोडिड इस्पात संरचनाओं को सुरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार के लिए प्रतिस्थापन कार्य। **अनुमानित लागत रु:–** 87357157.84, **ईएमडी रु:–** 1747200.00, **निविदा प्रपत्र का शुल्क रु:–** 0.00, **समापन अवधी:–** 24 महिने, ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 01.12.2026 को 11:00 बजे है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकी जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) मध्यरेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है। 733

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

जाहीर नोटीस

मनोजकुमार गणेशप्रसाद गुप्ता/राकेश गणेशप्रसाद गुप्ता/पंकज गणेशप्रसाद गुप्ता ह्यांनी आमच्या संस्थेतून रू. १४,००,०००/– (अक्षरी रू. चौदा लाख मात्र) फ्लॅट न.१ तळमजला, रोझवुड अपार्टमेंट, लिटील फ्लावर शाळेजवळ, समेळपाडा नालासोपारा (प.) ह्या मालमत्तेवर तारणी कर्ज दि.२१.८.२०१७ रोजी घेतले होते. त्याचा व्याजासह संपूर्ण भरणा दि. ११.९.२०२६ रोजी करून कर्ज खाते बंद केले. मनोजकुमार गणेशप्रसाद गुप्ता/राकेश गणेशप्रसाद गुप्ता ह्यांना आता सदर सदनिकेवरील बोजा उतरवून वरील फ्लॅटचे आमच्या दप्तरी असलेले मूळ दस्तावेज हवे आहेत परंतु पंकज गणेशप्रसाद गुप्ता ह्यांचे निधन झाले असून त्यांचे वारस म्हणून ह्या दोन्ही भावांनी म्हणजेच मनोजकुमार गणेशप्रसाद गुप्ता/राकेश गणेशप्रसाद गुप्ता ह्यांनी आम्हीच आहेत असे त्यांचे म्हणणे ऑफिडेविड बनवून आमच्या संस्थेत त्याची एक प्रत सादर केली आहे. तरी या नोटीशीद्वारे आपणास कळविण्यात येते की, पंकज गणेशप्रसाद गुप्ता यांचे कोणी वारस असतील आणि जर त्यांना ऑफिडेविडमध्ये सादर केलेल्या नावांवर आक्षेप असल्यास त्यांनी आक्षेप पत्र पुढील १५ दिवसांच्या आत वसई अर्बन को ऑप. क्रे. सो. लि. (१ला मजला, हरेश्वर को–ऑप. हौ.सो.लि, बोळींज नाका आगाशी रोड, ता. वसई, जि. पालघर मो. ७५५८४८१६०७) या संस्थेशी संपर्क साधावा. तसे न झाल्यास मनोजकुमार गणेशप्रसाद गुप्ता/राकेश गणेशप्रसाद गुप्ता ह्या दोन्ही भावांची वारस म्हणून आमच्या दप्तरी नोंद करून पुढील प्रक्रिया पूर्ण करून त्यांना सदर फ्लॅटचे पेपर त्यांच्या स्वाधीन केले जातील ह्याची या नोटीसीद्वारे नोंद घ्यावी.

दिनांक : २८/१०/२०२६

सही/–

वसई अर्बन को ऑप. क्रे. सो. लि.

संपादकीय

आत्मघाती हरकतें

जैसा कि पहले से ही डर भी था दिवाली के बाद देश की राजधानी ही नहीं, दिल्ली से लगते हरियाणा- उत्तर प्रदेश स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में शहरों के गैस चैंबर बनने की खबरें मीडिया में आई हैं। जिसमें सत्ताधीशों की काहिली और नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार की बराबर की भूमिका रही है। जब वायु प्रदूषण की बात होती है तो सिर्फ दिल्ली की बात होती है, जबकि शेष देश में भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। हमारा गैर जिम्मेदार व्यवहार केवल दिवाली के समय ही नजर नहीं आता, हम चुनाव के दौरान भी स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मसलों को मुद्दा बनाने की कोशिश नहीं करते। सर्दियों की शुरुआत में मौसमी बदलाव, हवा के प्रवाह में कमी, बढ़ते वाहनों का प्रदूषण, निर्माण कार्य में धूल को लेकर लापरवाही व उद्योगों द्वारा पैदा प्रदूषण मिलकर स्थिति को जानलेवा बना देते हैं। एक बार फिर साबित हुआ कि सत्ताधीश जहरीली हवा से अपने नागरिकों को बचाने में नाकाम रहे हैं। अब तो सवाल प्रदूषण को लेकर सामने आने वाले आंकड़ों की हकीकत को लेकर भी उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले पांच सालों में इस बार सबसे ज्यादा प्रदूषित दिवाली रही है। लेकिन वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आए हैं। कहा गया कि प्रदूषण के चरम समय के दौरान दिल्ली के बीस से अधिक मॉनिटरिंग स्टेशनों से डेटा भेजना बंद कर दिया गया। जिससे सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठे हैं। बताया गया कि प्रदूषण मापने वाले काफी स्टेशन काम नहीं कर रहे थे। ऐसे में जब लाखों लोग अपने सेहत को लेकर इन आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं, तो सरकारी-निजी प्लेटफॉर्मों के आंकड़ों के अंतर ने जनता के संदेह को गहरा किया है। इसकी जवाबदेही के लिए जांच जरूरी है। विडंबना यह है कि इस आपात स्थिति में राजनीतिक दल बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। फलतः इस जहरीली हवा में लोगों का दम घुटता है। एक ओर जहां 'आप' दिल्ली की भाजपा सरकार पर नियमों को ठीक से लागू न करने व प्रदूषण आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगा रही है। वहीं भाजपा 'आप' शासित पंजाब में पराली जलाने को प्रदूषण का कारण बता रही है। तात्कालिक कारकों को नजरअंदाज कर भी दें, लेकिन वाहनों, उद्योगों और कृषि से होने वाले उत्सर्जन की पारदर्शी-नियमित निगरानी जरूरी है। प्रशासन स्वास्थ्य से जुड़ी सलाहों को प्रभावी बनाए ताकि बच्चों-बुजुर्गों और श्वसनतंत्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे लोगों को राहत मिले । सालों से हम राजनीतिक नौटंकी, बहानेबाजी व कामचलाऊ उपायों को देख रहे हैं। लेकिन मिलजुलकर ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद प्रशासनिक तंत्र क्यों नहीं जागता? नागरिक भी पर्यावरण रक्षा के लिये अपनी हिस्से की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाते? बेहतर हो कि हम पर्व पर पटाखे प्रतीकात्मक रूप में ही जलायें। किसी उत्सव को मनाने के तौर-तरीके समाज ही बनाता है। जिसमें समय-हालात के हिसाब से बदलाव भी होता है। लेकिन हम आतिशी जिद में अपने व लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विदेशों में भारत की छवि खराब कर रहे हैं। फिर यह आत्मघाती कवायद क्यों? चिकित्सा विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि एक्यूआई तीन सौ होता है तो हमारी उम्र साढ़े तीन साल तक घट सकती है।

रिफ्लेक्स और रीज़न: जल्दबाज़ी बनाम समझदारी



स्वप्निल निला
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी,सेंट्रल रेलवे

> डिजिटल युग में भी इसकी आवश्यकता बढ़ गई है। मोबाइल पर कोई संदेश पढ़ते ही जवाब देना, अधूरी जानकारी के आधार पर खबर साझा करना या किसी टिप्पणी से नाराज होकर अपशब्द लिख देना आम हो गया है। हम भूल जाते हैं कि एक बार भेजा गया संदेश लंबे समय तक परेशानी का कारण बन सकता है। सूचना के इस तेज दौर में प्रतिक्रिया की गति से अधिक महत्वपूर्ण विचारों की गुणवत्ता है।

ज़िंदगी में हम हर दिन न जाने कितनी परिस्थितियों का सामना करते हैं। कोई तेज आवाज सुनाई देती है तो हम चौंक जाते हैं, गरम बर्तन छूते ही हाथ पीछे खींच लेते हैं और सड़क पर अचानक कोई वाहन सामने आ जाए तो तुरंत पीछे हट जाते हैं। इन प्रतिक्रियाओं के लिए हमें सोचने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारा शरीर अपने आप प्रतिक्रिया देता है। इसे रिफ्लेक्स यानी सहज प्रतिक्रिया कहते हैं। इसके विपरीत जब हम किसी परिस्थिति को समझते हैं, उसके परिणामों पर विचार करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं, तो उसे रीज़न यानी विवेकपूर्ण सोच कहा जाता है।

रिफ्लेक्स हमारी जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। जब मनुष्य जंगलों में रहता था और हर तरफ प्राकृतिक खतरे मौजूद थे, तब उसकी यही सहज प्रतिक्रियाएं उसे सुरक्षित रखती थीं। लेकिन आज जीवन की चुनौतियां बदल गई हैं। अब हमारे सामने ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जहां जल्दबाजी के बजाय समझदारी की जरूरत होती है।

हमारी परेशानी यह है कि हम हर बात का जवाब तुरंत देना चाहते हैं। किसी ने कुछ कह दिया तो हम भी पलटकर जवाब देते हैं। किसी ने आलोचना कर दी तो हम सफाई देने लगते हैं। बाद में एहसास होता है कि थोड़ा धैर्य रखा होता तो स्थिति बिगड़ने से बच सकती थी। गुस्से में बोला गया एक वाक्य वर्षों पुराने रिश्ते में दरार पैदा कर सकता है।

यही रिफ्लेक्स और रीज़न का अंतर है। रिफ्लेक्स में प्रतिक्रिया पहले आती है और विचार करने का अवसर बाद में मिलता है। रीज़न में हम पहले परिस्थिति को समझते हैं और फिर प्रतिक्रिया देते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कार्यालय में अधिकारी आपके काम की आलोचना करता है, तो पहली प्रतिक्रिया गुस्सा हो सकती है। लेकिन यदि आप रुककर सोचें कि क्या उसकी बात में कोई सच्चाई है, तो आपका व्यवहार अधिक समझदारी भरा होगा।

परिवार और रिश्तों में भी यही बात लागू होती है। पति-पत्नी के बीच छोटी-सी बात पर बहस हो सकती है। माता-पिता और बच्चों के बीच विचारों का टकराव हो सकता है। ऐसे समय में गुस्से में कही गई बात लंबे समय तक चोट पहुंचा सकती है। कई बार समस्या इतनी बड़ी नहीं होती, जितना बड़ा उसे हमारी प्रतिक्रिया बना देती है। हर बहस जीतना जरूरी नहीं है। कई बार रिश्ते बचाने के लिए अपनी जिद छोड़ना भी समझदारी होती है। पैसों और भविष्य से जुड़े फैसलों में भी जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। बाजार में गिरावट देखकर घबराहट में निवेश बेच देना या सामाजिक दबाव में अपनी क्षमता से अधिक खर्च करना इसके उदाहरण हैं। बच्चों के करियर को लेकर भी माता-पिता कई बार अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। वे यह समझने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे की रुचि और क्षमता क्या है। यदि हम तथ्यों और परिस्थितियों को समझकर निर्णय लें, तो गलतियों की संभावना कम हो सकती है।



आज हम दूसरों के व्यवहार को भी अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखने लगे हैं। कोई हमारी बात नहीं मानता तो हमें लगता है कि हमारा अपमान हुआ है। कोई असहमत होता है तो हम उसे विरोधी समझने लगते हैं। जबकि असहमति हमेशा दुश्मनी नहीं होती। दूसरों के विचारों का सम्मान करना और अपनी गलती स्वीकार करना भी विवेक का हिस्सा है।

डिजिटल युग में भी इसकी आवश्यकता बढ़ गई है। मोबाइल पर कोई संदेश पढ़ते ही जवाब देना, अधूरी जानकारी के आधार पर खबर साझा करना या किसी टिप्पणी से नाराज होकर अपशब्द लिख देना आम हो गया है। हम भूल जाते हैं कि एक बार भेजा गया संदेश लंबे समय तक परेशानी का कारण बन सकता है। सूचना के इस तेज दौर में प्रतिक्रिया की गति से अधिक महत्वपूर्ण विचारों की गुणवत्ता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि रिफ्लेक्स गलत है और रीज़न हमेशा सही। दोनों की अपनी उपयोगिता है। सड़क पर अचानक कोई वाहन सामने आ जाए तो तुरंत पीछे हटना जरूरी है। लेकिन उसी वाहन के चालक से विवाद हो जाए तो गुस्से में लड़ने के बजाय शांत रहकर स्थिति संभालना समझदारी है। असली बुद्धिमत्ता इसी में है कि हम पहचान सकें कि कहां तत्काल प्रतिक्रिया देनी है और कहां रुककर विचार करना है।

जब कोई बात हमें परेशान करे या गुस्सा दिलाए, तो तुरंत जवाब देने के बजाय कुछ क्षण रुकें। एक गहरी सांस लें और खुद से पूछें कि मेरी प्रतिक्रिया समस्या को हल करेगी या और बढ़ाएगी? क्या मैं तथ्यों के आधार पर निर्णय ले रहा हूं या भावनाओं के प्रभाव में हूं? यह छोटा-सा ठहराव हमें आवेग से बाहर निकालकर विवेक की ओर ले जा सकता है। मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत केवल प्रतिक्रिया करने में नहीं, बल्कि सोचने, समझने और अपने व्यवहार को बदलने में है। परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन उनके प्रति हमारा व्यवहार काफी हद तक हमारे हाथ में होता है।

याद रखिए, रिफ्लेक्स हमें तत्काल खतरे से बचाता है, लेकिन रीज़न हमें बेहतर जीवन जीना सिखाता है। प्रतिक्रिया करना आसान है, लेकिन सोचकर जवाब देना समझदारी है। असली ताकत इसी में है कि हम जानें कहां तुरंत कदम उठाना है और कहां ठहरकर सोचना है। जिंदगी केवल तेजी से जवाब देने का नाम नहीं, बल्कि सही समय पर सही जवाब चुनने की कला भी है।

हमारी गीता

मनःशक्ति और मनःशांति की सुरक्षा



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण


दुनिया बहुत सुंदर और रंगीन है। वह हर पल हमें अपनी ओर आकर्षित करती है। हमारी आंखें, कान और दूसरी इंद्रियां लगातार बाहरी दुनिया के संपर्क में रहती हैं। हम बहुत कुछ देखते, सुनते और अनुभव करते हैं। इसमें प्रत्यक्ष रूप से कोई खर्च दिखाई नहीं देता, लेकिन हमारी मनःशक्ति लगातार खर्च होती रहती है। जितनी अधिक मनःशक्ति खर्च होगी, उतना ही हमारे समय और श्रम का भी व्यय होगा।

इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। यदि हम गाड़ी को एक ही जगह खड़ा रखकर चालू छोड़ दें, तो उसका ईंधन खर्च होता रहेगा, लेकिन हम कहीं पहुंच नहीं पाएंगे। इसी तरह मन को अनावश्यक इच्छाओं और आकर्षणों में उलझाए रखने से हमारी शक्ति खर्च होती है, लेकिन जीवन की वास्तविक प्रगति नहीं होती। इसलिए भगवान हमें कामनाओं पर नियंत्रण रखने और धीरे-धीरे उनसे मुक्त होने का मार्ग बताते हैं। मनःशक्ति का संचय ही जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाता है। जीवन में रिश्तों का बहुत महत्व है। प्रेम, सम्मान और आदर से बने रिश्ते भी हमारे अहंकार और ममत्व के कारण बिगड़ जाते हैं। संसार में होने वाले अनेक संघर्षों और युद्धों के पीछे भी मैं और मेरा की भावना काम करती है। यही भावना मनुष्य के बीच अलगाव, मनमुटाव और परायापन पैदा करती है। ऐसी अशांति में मनुष्य न अपने वैभव का आनंद ले पाता है और न चैन से सो पाता है। सड़क पर कोई अनजान वस्तु टूट जाए तो हमें विशेष दुख नहीं होता, क्योंकि उससे हमारा ममत्व नहीं होता। लेकिन अपनी वस्तु टूट जाए तो मन परेशान हो जाता है। इसका कारण वस्तु का मूल्य नहीं, बल्कि उसके प्रति हमारा लगाव है। भक्तिभाव से भरे हृदय में यह भावना होती है कि संसार की हर वस्तु ईश्वर की है।

शख्सियत

डॉ. सलीम अली

पक्षियों की दुनिया के महान प्रहरी



भारत की प्राकृतिक विरासत और वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में डॉ. सलीम अली का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। पक्षियों के प्रति उनकी असाधारण रुचि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और जीवनभर किए गए शोध ने उन्हें विश्व के महान पक्षी वैज्ञानिकों में शामिल किया।

उन्हें 'बर्डमैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। 12 नवंबर 1896 को मुंबई में जन्मे सलीम अली ने अपना पूरा जीवन पक्षियों की दुनिया को समझने, उनके अध्ययन करने और उनके संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया था। सलीम अली का पूरा नाम सलीम मोइज़ुद्दीन अब्दुल अली था। बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनका पालन-पोषण उनके रिश्तेदारों ने किया। बचपन की एक घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। एक दिन उन्होंने अपनी एयरगन से एक छोटी पीली चिड़िया को मार गिराया। उस पक्षी के बारे में जानने की उत्सुकता उन्हें बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी तक ले गई। वहां उन्हें पक्षियों के अध्ययन और पहचान के बारे में मार्गदर्शन मिला। इसी घटना ने उनके भीतर पक्षी विज्ञान के प्रति गहरी रुचि पैदा की। सलीम अली ने पक्षियों के व्यवहार, उनकी प्रजातियों, आवास और प्रवास के तरीकों का व्यवस्थित अध्ययन किया। उन्होंने भारत के विभिन्न हिस्सों में जाकर पक्षियों का सर्वेक्षण किया और उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाईं। उनका उद्देश्य केवल पक्षियों की प्रजातियों की पहचान करना नहीं था, बल्कि उनके जीवन और प्राकृतिक पर्यावरण के बीच संबंधों को समझना भी था। उन्होंने पक्षियों के संरक्षण को प्रकृति और मानव जीवन के संतुलन के लिए आवश्यक बताया।

उनके शोध ने भारत में पक्षी विज्ञान को एक नई पहचान दी। वे उन शुरुआती भारतीय वैज्ञानिकों में शामिल थे, जिन्होंने देश में पक्षियों के व्यवस्थित सर्वेक्षण को लोकप्रिय बनाया। वर्ष 1941 में प्रकाशित उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'द बुक ऑफ इंडियन बर्ड्स' ने आम लोगों के बीच पक्षियों के अध्ययन को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पुस्तक में भारतीय पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनकी पहचान और विशेषताओं की जानकारी सरल तरीके से दी गई थी। इसके अलावा उन्होंने प्रसिद्ध पक्षी वैज्ञानिक एस. डिलन रिप्ले के साथ मिलकर 'हैंडबुक ऑफ द बर्ड्स ऑफ इंडिया एंड पाकिस्तान' पर भी काम किया। उनकी आत्मकथा 'द फॉल ऑफ ए स्पैरो' भी काफी चर्चित रही। इन पुस्तकों ने विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों को पक्षियों की दुनिया समझने का अवसर दिया। सलीम अली ने केवल शोध तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि प्राकृतिक आवासों और पक्षियों के संरक्षण के लिए भी लगातार प्रयास किए। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने भारत में पक्षी अभयारण्यों और प्राकृतिक क्षेत्रों के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा की। राजस्थान के भरतपुर स्थित केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान जैसे महत्वपूर्ण पक्षी आवासों के संरक्षण के प्रयासों में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। वे मानते थे कि पक्षियों का अस्तित्व सुरक्षित रखने के लिए जंगलों, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक जलस्रोतों को बचाना बेहद जरूरी है। पक्षी विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 1958 में उन्हें पद्म भूषण और वर्ष 1976 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

जीवन ऊर्जा

पांडुरंग महादेव बापट : 12 नवम्बर 1880

जन्म

स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रसेवा का संदेश

> भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सेनापति पांडुरंग महादेव बापट (जन्म 12 नवंबर 1880, निधन 28 नवंबर 1967) का नाम साहस, त्याग और क्रांतिकारी विचारधारा के लिए सदैव याद किया जाएगा। महाराष्ट्र के पारनेर में जन्मे सेनापति बापट ने अपना संपूर्ण जीवन देश की आजादी और समाज के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। वे ऐसे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों से लोगों में राष्ट्रीय चेतना जगाई। उनके जीवन का सबसे बड़ा संदेश था कि अन्याय के सामने झुकना नहीं चाहिए और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए साहस के साथ खड़ा होना चाहिए।

स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है। स्वतंत्रता का विशेष महत्व है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके स्वतंत्र और जागरूक नागरिकों में होती है। स्वतंत्रता केवल विदेशी शासन से मुक्ति प्राप्त करना नहीं है, बल्कि व्यक्ति को भय, शोषण और अन्याय से मुक्त करना भी है। आजादी के लिए संघर्ष करने के साथ-साथ उसकी रक्षा करना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। देश की एकता, अखंडता और सम्मान बनाए रखने के लिए नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। अन्याय और शोषण के कट्टर विरोधी थे। समाज में परिवर्तन लाने के लिए केवल शिकायत करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके लिए संगठित होकर प्रयास करना जरूरी है। अन्याय के सामने मौन रहना उचित नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने समाज और देश में होने वाली गलत गतिविधियों के खिलाफ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठानी चाहिए। विकास की योजनाओं में आम नागरिकों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे और कमजोर लोगों के अधिकार सुरक्षित रहें। जीवन त्याग और अनुशासन का उदाहरण है। उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं की अपेक्षा देश की सेवा को प्राथमिकता दी। उनका मानना था कि किसी भी बड़े उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। वे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनका जीवन बताता है कि सफलता केवल धन और पद प्राप्त करने में नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी योगदान देने में भी है। देश के नागरिक जागरूक, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति सजग बनें। शिक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, राष्ट्रप्रेम और चरित्र निर्माण को महत्व देना बहुत जरूरी है। देश के इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को समझें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। संघर्ष का उद्देश्य केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है, समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए भी सक्रिय रहे।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश

उल्लू कैसे बना माता लक्ष्मी का वाहन?



भारतीय संस्कृति में माता लक्ष्मी को धन, वैभव और समृद्धि की देवी माना जाता है। दीपावली पर उनकी पूजा सुख, शांति और संपन्नता की कामना के साथ की जाती है। माता लक्ष्मी का वाहन उल्लू है, इसलिए उन्हें उलूकवाहिनी भी कहा जाता है। यह बात अक्सर लोगों के मन में जिज्ञासा पैदा करती है कि आखिर धन और वैभव की देवी ने एक ऐसे पक्षी को अपना वाहन क्यों चुना, जिसे सामान्य बोलचाल में मूर्खता का प्रतीक मान लिया गया है। वास्तव में उल्लू एक कुशल और समझदार निशाचर पक्षी है, जिसकी प्रकृति में विशेष भूमिका है। उल्लू की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह रात के अंधेरे में भी आसानी से देख सकता है। उसकी आंखें और सुनने की क्षमता इतनी विकसित होती है कि वह बहुत कम रोशनी में भी अपने शिकार का पता लगा लेता है। उसके पंखों की बनावट ऐसी होती है कि उड़ते समय बहुत कम आवाज होती है। वह चुपचाप उड़कर अपने शिकार को पकड़ लेता है। उल्लू केवल एक शिकारी पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने वाला महत्वपूर्ण जीव भी है। वह खेतों में चूहों और छोटे कीटों को खाकर फसलों को नुकसान से बचाने में मदद करता है। इस तरह वह किसानों और प्रकृति दोनों के लिए उपयोगी है।



पौराणिक मान्यता के अनुसार, एक बार सभी देवी-देवता अपने-अपने वाहन चुन रहे थे। पशु-पक्षियों में भी किसी देवी या देवता का वाहन बनने की इच्छा थी। जब माता लक्ष्मी के वाहन के चयन की बात आई तो वे कुछ समय तक विचार करती रही। उन्होंने कहा कि कार्तिक अमावस्या के दिन वे अपने वाहन का चुनाव करेंगी। इस घोषणा के बाद सभी पशु-पक्षी उस दिन की प्रतीक्षा करने लगे।

निर्धारित दिन कार्तिक अमावस्या की रात चारो ओर अंधकार छाया हुआ था। अनेक पशु-पक्षी माता लक्ष्मी के सामने उपस्थित हुए। लेकिन रात के अंधेरे में उल्लू अपनी विशेष दृष्टि के कारण माता लक्ष्मी को आसानी से देख सका। वह तुरंत उनके पास पहुंचा और विनम्रता से अपना वाहन बनने का आग्रह किया। माता लक्ष्मी ने उसकी विशेष योग्यता को देखते हुए उसे अपना वाहन स्वीकार कर लिया। तभी से वे उलूकवाहिनी कहलाने लगी।

इस कथा का एक गहरा प्रतीकात्मक अर्थ भी समझा जाता है। उल्लू अंधकार में भी देख सकता है। इसका संकेत है कि मनुष्य को भी जीवन के अंधकार, कठिनाइयों और भ्रम के बीच विवेक की दृष्टि बनाए रखनी चाहिए। धन प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही उपयोग करना भी जरूरी है। जहां धन के साथ बुद्धि और सदाचार नहीं होता, वहां संपन्नता भी अहंकार, लालच और विनाश का कारण बन सकती है।

दुर्भाग्य से उल्लू को लेकर कई अंधविश्वास भी प्रचलित है। कुछ लोग दीपावली की रात उल्लू की बलि देने या उसके अंगों का उपयोग करने से धन प्राप्त होने की कल्पना करते है। ऐसी मान्यताओं का माता लक्ष्मी की पूजा और धर्म से कोई संबंध नहीं है। इनके कारण उल्लुओं का अवैध शिकार होता है और उनकी संख्या पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

माता लक्ष्मी का वाहन होने के कारण उल्लू के प्रति सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए। समृद्धि का अर्थ केवल धन जमा करना नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव-जंतुओं की रक्षा करना भी है। माता लक्ष्मी की आराधना का वास्तविक संदेश यही है कि हमारे जीवन में धन के साथ विवेक, करुणा और जिम्मेदारी भी हो।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार



भगवान सबके हैं। भगवान को याद करने के अलग अलग धर्म में अलग अलग तरीके और रास्ते हैं। कहीं भी क्यों नहीं जाएंगे। केदारेश्वर भी जाएंगे और मथुरा भी जाएंगे। पहले भी जाते रहे हैं, फिर से जाएंगे। केदारेश्वर जाने के बाद आगे भी दर्शन करेंगे। पीडीए यानी पहले दर्शन फिर आशीर्वाद भी है।

-अखिलेश यादव
अध्यक्ष, सपा




शरद पवार को फॉरिन ओरिजिन लाइन लेने से उन्हें पार्टी से निकाला था ।शरद पवार जी महाराष्ट्र के मजबूत नेता थे। तो शरद पवार अगर कांग्रेस में रहते और विदेशी वाली लाइन नहीं लेते, तो शरद पवार को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल सकता था। शरद पवार को विदेशी वाली लाइन नहीं लेनी चाहिए थी। ऐसा मेरा मानना है।

-रामदास आठवले
केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार शिवसेना



एक ऐसी शख्सियत जो विदेश में एक कैफे में राजीव गांधी से मिलीं और तब से उनसे कभी अलग नहीं हुईं छोटे बेटे संजय गांधी को राजनीति के लिए तैयार किया जा रहा था। लेकिन, उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उसके बाद, उनकी पत्नी मेनका गांधी को एक मामूली कारण से घर से निकाल दिया गया। कुछ समय बाद, उनकी सास और पति का भी निधन हो गया।

-कंगना रनौत
सांसद, भाजपा



इससे भाजपा की सत्ता कमजोर हुई है। हसन मुश्रीफ और चंद्रकांत पाटिल का ऐसा व्यवहार उचित नहीं है। वे ईडी के डर से भाग गए, कल तो वे धमाके के साथ लौटे। राजनीति में दिन बदलते हैं, दिन चंचल होते हैं। फिर भागने का समय नहीं होना चाहिए। फिर इन सांडों के दरवाजे पर कोई खड़ा नहीं होना चाहिए, खासकर शरद पवार साहब।

-संजय राउत
राज्यसभा सांसद शिवसेना UBT

अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

स्वच्छ सर्वेक्षण में महाराष्ट्र के कई शहरों ने हासिल किए राष्ट्रीय पुरस्कार

- नवी मुंबई 'सुपर स्वच्छ लीग' में देश में पहले स्थान पर, वीटा को भी मिला पहला पुरस्कार
- पंचगनी और रत्नागिरी ने भी दर्ज कराई उपलब्धि

एजेंसी । मुंबई/नई दिल्ली

महाराष्ट्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धि दर्ज कराई है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की ओर से आयोजित सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में राज्य के कई शहरों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार मिले हैं। नवी मुंबई नगर निगम ने 'सुपर स्वच्छ लीग' में देश में पहला स्थान हासिल किया है। सांगली जिले की वीटा नगर परिषद 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पहले स्थान पर रही, जबकि पंचगनी ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रत्नागिरी नगर परिषद को स्वच्छ तटीय शहरों की श्रेणी में तीसरा पुरस्कार मिला है। वहीं, पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम को 'स्टेट फर्स्ट क्लीन सिटी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।उन्होंने 'हाथ उठाएं, सफाई में मदद करें' की अवधारणा के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए पुरस्कार

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल, राज्य मंत्री तोखन साहू, सचिव सत्येंद्र सिंह के अलावा देशभर के महापौर, नगर निगम आयुक्त, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने विभिन्न श्रेणियों के विजेता शहरों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सफाई केवल सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता का विषय नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के स्वास्थ्य, सामाजिक संवेदनशीलता और प्रशासनिक जिम्मेदारी से भी जुड़ी है।

नवी मुंबई को 'सुपर स्वच्छ लीग' में पहला स्थान

नवी मुंबई नगर निगम ने 'सुपर स्वच्छ लीग' श्रेणी में देश में पहला स्थान हासिल किया। प्रभावी कचरा प्रबंधन, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, कचरे का वैज्ञानिक उपचार, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के लिए निगम को यह सम्मान मिला। इस श्रेणी में गुजरात के सूरत को दूसरा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

वीटा पहले और पंचगनी दूसरे स्थान पर

सांगली जिले की वीटा नगर परिषद ने 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में पहला स्थान हासिल किया। नियमित कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, स्वच्छता प्रबंधन और नागरिकों की भागीदारी के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के लिए शहर को यह उपलब्धि मिली। वहीं, पर्यटन नगरी पंचगनी ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोंकण क्षेत्र की रत्नागिरी नगर परिषद ने स्वच्छ तटीय शहरों की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान हासिल किया। तटीय क्षेत्रों की सफाई, समुद्री प्रदूषण पर नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों को इस पुरस्कार के जरिए मान्यता मिली।

पिंपरी-चिंचवड़ को 'स्टेट फर्स्ट क्लीन सिटी' पुरस्कार

पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम को 'स्टेट फर्स्ट क्लीन सिटी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नियमित कचरा संग्रहण, स्वच्छता सेवाओं, सार्वजनिक स्थानों की सफाई और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर निगम को यह सम्मान मिला।

न्यूज़ ब्रीफ

जन्मदिन पर तलवार से काटा केक, दो युवकों पर मामला दर्ज



भिवंडी। भिवंडी के कामतघर स्थित गणेश नगर इलाके में जन्मदिन मनाने के दौरान तलवार से केक काटने और उसे हवा में लहराने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर भिवंडी शहर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान राहुल डोळस (28) और उसके मित्र आदित्य कदम के रूप में हुई है। आधी रात को हुए इस घटनाक्रम के बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें नोटिस जारी किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

मां-बेटी से अश्लील गाली-गलौज और धमकी, युवक पर मामला दर्ज

भिवंडी: भिवंडी के नारपोली स्थित बालाजीनगर इलाके में मां-बेटी के साथ अश्लील गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। भगवान टावरे बिल्डिंग की सीढ़ियों पर हुई इस घटना में एक युवक पर महिला और उनकी बेटी को अपमानजनक शब्द कहने तथा धमकाने का आरोप है। महिला की शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता 46 वर्षीय महिला बालाजीनगर इलाके में रहती हैं। 5 नवंबर 2026 की रात करीब 10 से 10.15 बजे के बीच भगवान टावरे बिल्डिंग की पहली और दूसरी मंजिल के बीच की सीढ़ियों पर अक्षय श्रीनिवास सुरा (23) ने कथित तौर पर दूसरे लोगों के बीच चल रहे विवाद में हस्तक्षेप किया। आरोप है कि इस दौरान युवक ने महिला और उनकी बेटी के साथ अश्लील गाली-गलौज कर उन्हें अपमानित किया। इतना ही नहीं, उसने कथित तौर पर धमकी देते हुए कहा कि जिसे जो कहना है कहो और जो उखाड़ना है, उखाड़ लो। इस घटना से महिला को मानसिक परेशानी हुई। महिला की शिकायत पर भोईवाड़ा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया है। मामले की जांच महिला पुलिस हवलदार पूर्णिमा म्हात्रे कर रही हैं।

सूखाग्रस्त किसानों की मदद के लिए भाजयुमो अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सहायता निधि में दिए एक लाख रुपये



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त क्षेत्रों के किसानों और उनके परिवारों की सहायता के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मुंबई के अध्यक्ष दीपक सिंह ने सराहनीय पहल करते हुए मुख्यमंत्री सहायता निधि में एक लाख रुपये का योगदान दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सहायता राशि का चेक सौंपा।इस अवसर पर दीपक सिंह ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसम के कारण प्रदेश के कई किसान परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में उनकी मदद करना प्रत्येक सक्षम नागरिक का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और रोशनी का त्योहार है, लेकिन आर्थिक परेशानियों के कारण कई किसान परिवार इस पर्व की खुशियां नहीं मना पा रहे हैं। दीपावली की खुशियां तभी सार्थक होंगी, जब अन्नदाता के घर का अंधेरा दूर होगा और उनके परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौटेगी। दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में किसानों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से किसान परिवारों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि अन्नदाता का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि मुश्किल समय में उनके साथ खड़े होकर सहयोग करने से होता है।

बदलापुर में किला निर्माण स्पर्धा का 16वां वर्ष उत्साह से संपन्न

एजेंसी । बदलापुर

दिवाली की छुट्टियों में बच्चों की कलाकारी को बढ़ावा देने, उनमें ऐतिहासिक किलों के प्रति रुचि पैदा करने और छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बदलापुर स्मार्ट सिटी की ओर से इस वर्ष भी किले बनाने की स्पर्धा का आयोजन किया गया। एडवोकेट तुषार साटपे की संकल्पना से आयोजित इस स्पर्धा का यह 16वां वर्ष था। खास बात यह है कि इस वर्ष एड. तुषार साटपे रोटरी क्लब ऑफ बदलापुर स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष हैं। उनके नेतृत्व में यह स्पर्धा बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई।स्पर्धा की विशेषता यह रही कि इसमें भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

बच्चों ने इतिहास का अध्ययन कर बनाईं किलों की प्रतिकृतियां

दिवाली की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति से विभिन्न ऐतिहासिक किलों की प्रतिकृतियां बनाईं। किले बनाने से पहले बच्चों ने किताबों और इंटरनेट के माध्यम से संबंधित किलों के इतिहास, उनकी बनावट, प्रवेश द्वार, बुर्ज और विशेषताओं का अध्ययन किया। इसके आधार पर उन्होंने किलों की हूबहू प्रतिकृतियां बनाने का प्रयास किया। इस स्पर्धा में केवल सजावट या आकर्षक बनावट को महत्व नहीं दिया गया, बल्कि बच्चों ने किला बनाने के लिए कितना अभ्यास किया, चुने गए ऐतिहासिक किले के बारे में उन्हें कितनी जानकारी थी, प्रतिकृति बनाते समय किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और उन पर कैसे काबू पाया, इन बातों पर भी ध्यान दिया गया। परीक्षण के दौरान एक अहम बात सामने आई कि आज के सीमेंट के जंगल में बच्चों को किला बनाने के लिए जरूरी मिट्टी मिलना भी मुश्किल हो गया है। कुछ बच्चों ने विद्यापीठ रोड और पनवेल हाईवे जैसे विभिन्न स्थानों से मिट्टी एकत्र की। मिट्टी, पत्थर और अन्य सामग्री जुटाने के लिए बच्चों ने रिक्शा, ठेलागाड़ी और हाथगाड़ी जैसे साधनों का इस्तेमाल किया। किले बनाने के लिए बच्चों ने जिस मेहनत और लगन का परिचय दिया, वह सराहनीय रहा।



स्पर्धा के परिणाम और विजेताओं की सूची

स्पर्धा में गणेश चौक, गणपति मंदिर के पास बनाए गए पन्हाला किले को प्रथम, पंचरत्न कॉम्प्लेक्स के शिवनेरी गढ़ को द्वितीय और शनिनगर के कुलाबा किले को तृतीय स्थान मिला। वहीं, गावदेवी मित्र मंडल और पंचरत्न सोसायटी के किलों को उत्तेजनार्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतिभागियों ने राजगढ़, रायगढ़, मल्हारगढ़, पन्हाला और तोरणा जैसे विभिन्न ऐतिहासिक किलों की प्रतिकृतियां बनाईं। कुछ बच्चों ने काल्पनिक किले भी तैयार किए थे।

छठ पर्व पर यात्रियों को रेलवे की सौगात

- दिल्ली से दो दिन में चलेंगी 60 विशेष ट्रेनें

एजेंसी । नई दिल्ली

छठ पर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। बिहार और पूर्वी भारत की ओर जाने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए 11 और 12 नवंबर को दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से कुल 60 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें 11 नवंबर को 31 और 12 नवंबर को 29 ट्रेनें शामिल हैं।



11 नवंबर को नई दिल्ली से सबसे ज्यादा ट्रेनें

बुधवार को दिल्ली क्षेत्र से रवाना होने वाली 31 विशेष ट्रेनों में सबसे अधिक 10 ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलेंगी। इसके अलावा आनंद विहार टर्मिनल से आठ, शकूरबस्ती से सात, हजरत निजामुद्दीन से चार तथा दिल्ली जंक्शन और रोहतक से एक-एक ट्रेन रवाना होगी। गुरुवार को कुल 29 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल से सात-सात, शकूरबस्ती और हजरत निजामुद्दीन से पांच-पांच ट्रेनें रवाना होंगी। वहीं, दिल्ली जंक्शन से तीन तथा रोहतक और दिल्ली सराय रोहिल्ला से एक-एक विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

भीड़ बढ़ने पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की तैयारी

उत्तर रेलवे के अधिकारी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ और उपलब्ध सुविधाओं की लगातार निगरानी कर रहे हैं। रेलवे के अनुसार, 10 नवंबर को निर्धारित 27 विशेष ट्रेनों के अलावा भीड़ को देखते हुए कम समय के नोटिस पर तीन अतिरिक्त अनारक्षित ट्रेनें भी चलाई गई थीं। आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्टेशनों पर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

म्हाडा पुणे की आवासीय लॉटरी में रिकॉर्ड आवेदन

डीबीडी संवाददाता । पुणे

महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) की पुणे आवासीय लॉटरी में घर पाने के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। पुणे बोर्ड के 4,462 मकानों के लिए कुल 2,74,068 आवेदकों ने अनिवार्य बयाना राशि (ईएमडी) जमा कर आवेदन किया है। इस तरह प्रत्येक मकान के लिए औसतन 61 दावेदार हैं। अधिकारियों के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के मकानों का लॉटरी ड्रॉ 1 दिसंबर को होगा।

पिछली सभी लॉटरी का रिकॉर्ड टूटा

पुणे बोर्ड को पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया के दौरान कुल 3,25,077 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,74,068 आवेदनों के साथ बयाना राशि जमा कराई गई है। दस्तावेजों की जांच में पात्र पाए जाने वाले आवेदनों को लॉटरी में शामिल किया जाएगा। यह संख्या पुणे बोर्ड की पिछली किसी भी आवासीय लॉटरी से अधिक है। इससे पहले बयाना राशि जमा कराने वाले आवेदनों की अधिकतम संख्या करीब 2.25 लाख थी। इस बार यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 2.75 लाख तक पहुंच गया है। पुणे बोर्ड ने 15 प्रतिशत एकीकृत आवास योजना और 20 प्रतिशत व्यापक आवास योजना के तहत मकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे।



12 राशिफल में देखें अपना दिन

मेष व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे। अपनी देनदारी समय पर चुका पाएंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े।

वृष पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। आय में वृद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी अनुबंध होंगे। आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी।

कर्क अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घरेलू कार्य समय पर होंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

सिंह वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें। रसोई में चोट लग सकती है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

कन्या प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। तनाव रहेगा। कुसंगति से हानि होगी। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

तुला स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर साथ नहीं देगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

वृश्चिक दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। थकान महसूस होगी।

धनु परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश में विवेक का प्रयोग करें। धनार्जन होगा।

मकर आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय-व्यापार लाभदायक रहेगा। पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें। शारीरिक कष्ट के योग हैं।

कुंभ धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

मीन स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा।

आसनगांव-कसारा तीसरी लाइन के काम से दो रात लोकल सेवाएं प्रभावित

- 13 और 14 नवंबर की मध्यरात्रि कसारा में पावर ब्लॉक
- कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें 20 से 25 मिनट रहेंगी विलंबित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल द्वारा आसनगांव-कसारा तीसरी लाइन परियोजना और कसारा यार्ड में अप लाइन के विस्तार कार्य के लिए 13/14 और 14/15 नवंबर की मध्यरात्रि को कसारा में पोस्ट नॉन-इंटरलॉकिंग और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक दोनों रात 23.10 बजे से 01.40 बजे तक खर्डी-कसारा के बीच अप मेन लाइन और तीसरी लाइन पर संचालित होगा।

मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें होंगी प्रभावित

ब्लॉक के दौरान कई डाउन मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों को कसारा में 20 से 25 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। इनमें अमृत भारत एक्सप्रेस, भुवनेश्वर एक्सप्रेस, हावड़ा एक्सप्रेस, बनारस एक्सप्रेस, गोरखपुर स्पेशल, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस और कुशीनगर एक्सप्रेस शामिल हैं। हटिया एक्सप्रेस भी 14/15 नवंबर की मध्यरात्रि को प्रभावित होगी।



लोकल सेवाएं रहेंगी बंद

दोनों ब्लॉक के दौरान खर्डी और कसारा के बीच उपनगरीय लोकल सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। सीएसएमटी से कसारा के लिए अंतिम डाउन लोकल N31 रात 8.44 बजे रवाना होगी, जबकि ब्लॉक से पहले कसारा से सीएसएमटी के लिए अंतिम लोकल N36 रात 10 बजे चलेगी। ब्लॉक के बाद कसारा के लिए पहली डाउन लोकल N35 रात 11.05 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी, जिसे ब्लॉक समाप्त होने तक खर्डी में रोका जाएगा। वहीं, कसारा से सीएसएमटी के लिए पहली अप लोकल N2 क्रमशः 14 और 15 नवंबर को सुबह 3.51 बजे रवाना होगी। रात 9.32 बजे के बाद सीएसएमटी से कसारा जाने वाली लोकल ट्रेनें आसनगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होंगी। रात 11.05 बजे की कसारा लोकल खर्डी तक ही चलेगी। मध्य रेल ने यात्रियों से यात्रा की योजना इसी अनुसार बनाने की अपील की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि ये ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और यात्री सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

पंकज चौधरी की मौजूदगी में सपा नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा ने समाजवादी पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका दिया है। बस्ती के पूर्व सांसद अरविंद चौधरी और बांदा के सपा नेता अनिल यादव ने बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने प्रदेश मुख्यालय में दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

सपा को झटका, भाजपाई हुए अरविंद चौधरी



अरविंद चौधरी और अनिल यादव भाजपा में शामिल

इस मौके पर जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह मौजूद रहे। पंकज चौधरी ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण को सम्मान मिलता है।

2047 के संकल्प संग आगे बढ़ रही भाजपा

उन्होंने विश्वास जताया कि अरविंद चौधरी और अनिल यादव के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए चौधरी ने कहा कि पिछले करीब 12 वर्षों में सुशासन, गरीब कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ है। भाजपा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

अराजकता फैलाने वालों से सचेत रहने की अपील

उन्होंने देश में अराजकता फैलाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशों पर चिंता जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की। चौधरी ने कहा कि आगामी चुनाव केवल सत्ता हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि देश की स्थिरता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का अवसर भी हैं।

राष्ट्रहित और जनसेवा भाजपा की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के भयमुक्त वातावरण में विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करते हुए उन्होंने राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश मीडिया संयोजक मनीष दीक्षित और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अंकुश त्रिपाठी समेत पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक हेक्टेयर में 49.96 क्विंटल धान का उत्पादन

एजेंसी । भदोही

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को ज्ञानपुर तहसील की ग्राम पंचायत भगवानपुर कला खुर्द में धान की फसल की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता का जायजा लिया। खरीफ वर्ष 2026-27 के तहत कराए गए प्रयोग में धान की औसत उपज 49.96 क्विंटल प्रति हेक्टेयर आंकी गई। इस दौरान निर्धारित मानकों के अनुसार फसल की कटाई और उपज का वजन कराया गया। क्रॉप कटिंग के दौरान कृषक अमरावती के गाटा संख्या-52 से 17.500 किलोग्राम



और गयादीन के गाटा संख्या-149 से 25.760 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। कुल 43.3 वर्ग मीटर के निर्धारित क्षेत्रफल में हुई उपज के आधार पर प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का आकलन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने दोनों कृषकों को माला पहनाकर सम्मानित किया और खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी ली।

गंगोत्री, केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट बंद

एजेंसी । उत्तरकाशी/रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड के तीन प्रमुख धामों गंगोत्री, केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। दो दिनों तक चली धार्मिक प्रक्रियाओं के बाद मंगलवार को गंगोत्री और बुधवार को भैयादूज पर केदारनाथ व यमुनोत्री धाम के कपाट बंद हुए। इसके साथ ही तीनों धामों की ग्रीष्मकालीन यात्रा का समापन हो गया। केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बंद किए गए। मुख्य पुजारी टी. गंगाधर लिंग ने स्वयंभू शिवलिंग को समाधि स्वरूप देकर पुष्प, ब्रह्मकमल और भस्म से ढका। इस यात्रा वर्ष में रिकॉर्ड साढ़े 19 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह डोली सेना के बैंड की धुनों के बीच पहले पड़ाव रामपुर के लिए रवाना हुई। 13 नवंबर को डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ पहुंचेगी। अगले छह माह तक यहीं बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना होगी। उधर, यमुनोत्री धाम के कपाट भी बुधवार सुबह 10:28 बजे भैयादूज के शुभ मुहूर्त में बंद कर दिए गए। विशेष पूजा और वैदिक अनुष्ठानों के बाद मां यमुना की उत्सव डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना हुई।



मुखबा पहुंची मां गंगा की डोली

पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मुखबा के लिए रवाना हुई। बुधवार को डोली मुखीमठ स्थित मां गंगा के मंदिर पहुंच गई, जहां शीतकाल में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सकेंगे। बदरीनाथ धाम के कपाट 16 नवंबर को बंद होंगे। इसके लिए 12 नवंबर से पंच पूजाएं शुरू होंगी और 17 नवंबर को भगवान बदरीविशाल का विग्रह शीतकालीन प्रवास के लिए रवाना होगा।

यूपी की सियासत में तीसरे मोर्चे की दस्तक

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले प्रदेश की सियासत में नए गठबंधन की आहट तेज हो गई है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद ने चुनाव के लिए हाथ मिलाया है। दोनों कद्दावर नेताओं की तरफ से गठबंधन का इशारा मिलने के बाद यूपी की सियासत में चर्चाओं का दौर चल निकला है। प्रस्तावित गठबंधन की योजना प्रदेश की 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की है। इसमें कुछ अन्य छोटे दलों को भी शामिल करने की तैयारी है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और सपा के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबले की चर्चाओं के बीच यह नया मोर्चा राजनीतिक समीकरण बदल सकता है। इस गठबंधन के जरिए दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एक मंच पर लाने की रणनीति मानी जा रही है।

आतिशबाजी से प्रदूषण बढ़ा तो घट भी जाएगा : योगी

एजेंसी । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवाली पर आतिशबाजी से प्रदूषण बढ़ने की चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं देने की बात कही। बुधवार को लखनऊ में एक सरकारी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगर त्योहार के दौरान प्रदूषण बढ़ा भी है तो वह कम हो जाएगा। लोगों ने पूरे उत्साह से दिवाली मनाई और आतिशबाजी की तो इसमें गलत क्या है। योगी ने प्रदूषण पर सवाल उठाने वालों को निशाने पर लेते हुए कहा कि भ्रष्ट आचरण से पूरी व्यवस्था को प्रदूषित करने वालों से कोई सवाल नहीं करता। लेकिन जनता एक दिन आतिशबाजी के साथ उत्सव मनाती है तो प्रदूषण का मुद्दा उठा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिवाली पर आतिशबाजी को लेकर कोई पाबंदी नहीं लगाई थी।



भर्तियों में पहले चलता था सैफई सिंडिकेट

एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 से पहले की सरकारी भर्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए। भैया दूज पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राजस्व विभाग के 1,146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय भर्ती आयोगों पर 'सैफई सिंडिकेट' और 'मुन्ना भाइयों' का कब्जा था। योगी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर भर्ती प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और धांधली को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र किसी दूसरे को मिल जाता था।

दीपपर्व मनाया तो आतिशबाजी भी की

4300 परिवारों को 215 करोड़ की मदद

योग्य युवाओं को नौकरी पाने के लिए अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते थे। 4300 परिवारों को 215 करोड़ की मदद मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 4,300 परिवारों के खातों में 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी हस्तांतरित की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि जिन्हें गिनती नहीं आती, वे शिवपाल यादव को अपना ट्यूटर बना लें।

एसआईआर में गड़बड़ी: बाराबंकी में कटे नाम

एजेंसी । बाराबंकी

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी सियासी बहस के बीच बाराबंकी की चंदवारा ग्राम पंचायत से बड़ी संख्या में नाम गायब होने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों का दावा है कि फॉर्म भरने के बावजूद कई हिंदू परिवारों के करीब 30 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए। इससे पुनरीक्षण प्रक्रिया और प्रशासनिक सत्यापन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मसौली ब्लॉक के चंदवारा निवासी कुलदीप प्रजापति का आरोप है कि उनके माता-पिता और एक भाई का नाम सूची में है, लेकिन उनका, उनकी पत्नी और घर की दो बहुओं का नाम गायब है। उनके मुताबिक, परिवार के करीब 30 वोट कट गए हैं और तीन बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी गांव के शेषराज ने बताया कि एसआईआर का फॉर्म भरने के बाद भी उनके परिवार की चार महिलाओं माला देवी, सुशीला, पूजा देवी और शशि के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।



फार्म जमा फिर भी नहीं बन पाए मतदाता

इसी गांव के शेषराज ने बताया कि एसआईआर का फॉर्म भरने के बाद भी उनके परिवार की चार महिलाओं माला देवी, सुशीला, पूजा देवी और शशि के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उनका कहना है कि ये महिलाएं लंबे समय से पंचायत चुनावों में मतदान करती रही हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी नाम नहीं जुड़ सके।

यूपी में 95-05 का होगा मुकाबला : अखिलेश

एजेंसी । लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब मुकाबला 80-20 का नहीं, बल्कि 95-05 का होगा और भाजपा का पता भी नहीं चलेगा। बुधवार को सपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने कहा कि हाथरस कांड के बाद भी महिलाओं के खिलाफ अपराध थमे नहीं हैं।

CRPF कैंप हमले के आरोपी की हत्या

एजेंसी । रामपुर

उत्तर प्रदेश के रामपुर में 2007 के सीआरपीएफ कैंप आतंकी हमले के आरोपी रहे मोहम्मद शरीफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। खजुरिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो नकाबपोश हमलावरों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब शरीफ अपने 22 वर्षीय बेटे के साथ घर लौट रहा था। हमलावरों ने उसकी कनपटी और पेट में गोलियां मारीं और फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम करीब 6:30 बजे मोहम्मद शरीफ बेटे के साथ थाने में हाजिरी लगाने के बाद बाइक से घर जा रहा था।

2007 में कैंप पर हुआ था आतंकी हमला



रास्ते में पीछे से आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल शरीफ को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि 31 दिसंबर 2007 और एक जनवरी 2008 की दरमियानी रात रामपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें सात जवानों और एक रिक्शा चालक समेत आठ लोगों की मौत हुई थी, जबकि पांच अन्य घायल हुए थे। इस मामले में मोहम्मद शरीफ समेत चार आरोपियों को वर्ष 2019 में निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी।

व्यापार जगत

अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर मूडीज का भरोसा बरकरार

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। मजबूत घरेलू खपत, आर्थिक गतिविधियों में तेजी और ऊर्जा आपूर्ति के झटकों से निपटने की क्षमता को इसकी प्रमुख वजह बताया गया है।

ईंधन स्रेत की विविधता से नहीं बिगड़े हालात

मूडीज की 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक 2027-28' रिपोर्ट के अनुसार, भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिति और निवेश में सुधार से मध्यम अवधि में भी करीब सात प्रतिशत की विकास दर कायम रह सकती है। निजी निवेश में तेजी आने से विनिर्माण, रोजगार और उत्पादकता को अतिरिक्त मजबूती मिलने की उम्मीद है।



ऊर्जा संकट के बीच भारत को राहत

मूडीज के मुताबिक, कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के स्रोतों में विविधता तथा सरकारी नीतियों ने भारत को ऊर्जा कीमतों के झटके से बचाने में मदद की है। देश की विशाल तेल शोधन क्षमता ने ईंधन आपूर्ति को सुचारु रखने के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी मजबूती दी है।

शेयर बाजार में तूफानी तेजी

एजेंसी । मुंबई/नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भाईदूज के दिन जबरदस्त तेजी रही। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की जोरदार खरीदारी से सेंसेक्स 772.75 अंक उछलकर 81,879.40 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 210.40 अंक की बढ़त के साथ 25,255.05 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,413 अंक तक चढ़कर 82,520 के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, ऊपरी स्तर पर मुनाफावसूली से तेजी कुछ कम हुई। इसके बावजूद बैंकिंग और ऑटो शेयरों में लिवाली से बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। सेक्टोरल कारोबार में सरकारी बैंकों के शेयर सबसे



आगे रहे। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 3.02 प्रतिशत, बैंक इंडेक्स 2.29 प्रतिशत और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 1.71 प्रतिशत चढ़ा। स्मॉलकैप इंडेक्स में भी 1.59 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बाजार की तेजी से निवेशकों की संपत्ति में एक दिन में करीब 3.49 लाख करोड़ रुपये जुड़ गए। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 510.76 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले कारोबारी सत्र में 507.27 लाख करोड़ रुपये था।

कमाई में शीर्ष पर महिंद्रा एंड महिंद्रा

सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 5 .25 प्रतिशत की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा। इंडिगो 4 .37 प्रतिशत, ट्रेंट 3 .02 प्रतिशत, टाटा स्टील 2 .22 प्रतिशत और आईटीसी 2 .15 प्रतिशत चढ़े। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में भी मजबूती आई। रुपया करीब 0 .3% मजबूत होकर 94 .35 प्रति डॉलर पर खुला। यह दो सप्ताह का इसका सबसे मजबूत स्तर था।

एआई: भारतीय कुशल पेशेवरों ने बनाया 'राइजिंग कंटेंडर्स'

एजेंसी । नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में भारत दुनिया के तेजी से उभरते देशों में शामिल है। परामर्श कंपनी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की 2026 की रिपोर्ट में भारत को एआई अपनाने की बेहतर तैयारी और अपेक्षाकृत कम आर्थिक जोखिम वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। बीसीजी की 'एआई मैच्योरिटी मैट्रिक्स 2026' रिपोर्ट में 75 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं का 33 मानकों पर आकलन किया गया। इसमें भारत को दूसरी सबसे ऊंची श्रेणी 'राइजिंग कंटेंडर्स' में जगह मिली है। कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या और मजबूत आईटी सेवा क्षेत्र को भारत की प्रमुख ताकत बताया गया है।

शेयर बाजार की तेजी से रुपये को मिला सहारा

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के दम पर बुधवार को फॉरेक्स बाजार में रुपये की मजबूती जारी रही। सुबह 11 बजे तक भारतीय मुद्रा पिछले बंद भाव 93.9400 से 0.27 प्रतिशत चढ़कर 93.6875 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गई। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 21 पैसे की बढ़त के साथ 93.73 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान आयातकों की डॉलर मांग से यह फिसलकर 93.8825 तक पहुंचा, लेकिन विदेशी निवेश के प्रवाह से संभलते हुए 93.67 के स्तर तक मजबूत हो गया। पाउंड, यूरो और येन भी टूटा डॉलर के अलावा अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले भी रुपये में तेजी रही। ब्रिटिश पाउंड 0.72 प्रतिशत गिरकर 125.2008 रुपये, यूरो 0.40 प्रतिशत टूटकर 104.7210 रुपये, जापानी येन 0.66 प्रतिशत कमजोर होकर 0.5906 रुपये और चीनी युआन 0.17 प्रतिशत फिसलकर 14.0551 रुपये पर कारोबार करता दिखा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी से



रुपये को मजबूती मिल रही है। डॉलर इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 102.23 पर रहा। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के लिए 93.50 का मजबूत समर्थन और 94.30 का प्रतिरोध स्तर अहम माना जा रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में फिर से उछाल आने से रुपये की तेजी पर कुछ लगाम लगी है।

बैट्री के कचरे का नहीं होगा निर्यात

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत ने लिथियम-आयन बैटरियों से निकलने वाले 'ब्लैक मास' के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस फैसले का उद्देश्य घरेलू पुनर्चक्रण उद्योग को बढ़ावा देने के साथ महत्वपूर्ण खनिजों की देश में उपलब्धता बढ़ाना है। इससे बैटरी कचरे से उपयोगी संसाधनों की प्राप्ति देश के भीतर ही सुनिश्चित हो सकेगी। 'ब्लैक मास' इस्तेमाल की अवधि पूरी कर चुकी लिथियम-आयन बैटरियों और विनिर्माण कचरे को टुकड़ों में काटने से बनने वाला पाउडर है। इसमें लिथियम, कोबाल्ट, निकेल और मैंगनीज जैसे



मूल्यवान खनिज मौजूद होते हैं। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में होता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। सरकार का मानना है कि देश में पुनर्चक्रण और खनिज परिष्करण की क्षमता बढ़ने के बावजूद कच्चे माल की कमी से उसका पूरा इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है।

कमोडिटी बाजार में सोना-चांदी की चमक बढ़ी

एजेंसी । मुंबई/नई दिल्ली

घरेलू वायदा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 11 बजे तक सोना 1,365 रुपये बढ़कर 1,41,890 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं, चांदी 4,925 रुपये की छलांग लगाकर 1,87,501 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करती दिखी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों ने भी पिछले सत्र की गिरावट से उबरते हुए बढ़त दर्ज की। मध्य एशिया में व्यावसायिक जहाजों और तेल टैंकरों पर ताजा हमलों से अमेरिका-ईरान तनाव जल्द समाप्त होने की उम्मीदों को झटका लगा है। ब्रेंट क्रूड 1.11 प्रतिशत चढ़कर 92.50 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई 86 डॉलर के पार पहुंच गया। औद्योगिक धातुओं के कारोबार में हालांकि एकसमान तेजी नहीं रही। एमसीएक्स पर कॉपर 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,345.45 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया, जबकि एल्यूमिनियम



1.69 प्रतिशत टूटकर 325.20 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। घरेलू बाजार में ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव भी करीब 8,090 रुपये प्रति बैरल बना हुआ था। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने-चांदी की मांग को मजबूती मिल रही है।

हार्दिक 18 करोड़ में पंजाब और अर्शदीप मुंबई से जुड़े

- 18-18 करोड़ रुपये में हुआ दोनों खिलाड़ियों का ट्रेड
- मुंबई में हार्दिक का दूसरा कार्यकाल समाप्त

एजेंसी। नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बड़ा फेरबदल करते हुए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या बुधवार को 18 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई कीमत पर पंजाब किंग्स से जुड़ गए। वहीं, मुंबई इंडियंस ने उनकी जगह तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। दोनों खिलाड़ियों की 18-18 करोड़ रुपये की कीमत पर हुई यह अदला-बदली आईपीएल के सबसे बड़े ट्रेड में से एक है। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस के साथ हार्दिक का दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया।



रोहित को फिर मिल सकती है कप्तानी

हार्दिक के जाने के बाद अब मुंबई इंडियंस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि रोहित शर्मा को फिर से कप्तानी सौंपी जा सकती है। तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में फ्रेंचाइजी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। पिछले सत्र में मुंबई की टीम केवल चार मुकाबले जीत सकी थी।

हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ की बढ़ोतरी

आईपीएल की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, हार्दिक अपनी मौजूदा फीस 16.35 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पर मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स में शामिल हुए हैं। वहीं, अर्शदीप अपनी मौजूदा 18 करोड़ रुपये की फीस पर मुंबई की टीम से जुड़े हैं। दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच ट्रांसफर फीस आपसी सहमति से तय की गई है, जो खिलाड़ी की रिटेंशन फीस से अलग होती है। दोनों टीमों ने हार्दिक की फीस में 1.65 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी पर सहमति जताई। मौजूदा नियमों के अनुसार, इस अतिरिक्त राशि का 50 प्रतिशत हार्दिक को मिलेगा, जबकि शेष रकम मुंबई इंडियंस को दी जाएगी।

मुंबई में हार्दिक का दूसरा कार्यकाल समाप्त

हार्दिक पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उन्होंने टीम के साथ 2015, 2017, 2019 और 2020 में चार आईपीएल खिताब जीते। सात सत्र मुंबई के साथ बिताने के बाद वह 2022 में 15 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटंस से जुड़ गए थे। उनकी कप्तानी में गुजरात ने पहले ही सत्र में खिताब जीता और 2023 में टीम फाइनल तक पहुंची। हार्दिक ने 2024 में मुंबई इंडियंस में वापसी की और रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभाली। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। इस दौरान उन्हें दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। चोटों ने भी उनकी मुश्किलें बढ़ाईं। टीम के भीतर वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ मतभेद की खबरें सामने आने के बाद फ्रेंचाइजी में नेतृत्व को लेकर सवाल उठने लगे थे।उन्होंने आईपीएल में 96 मुकाबलों में कुल 111 विकेट लिए हैं।

आठ सत्र बाद पंजाब से अलग हुए अर्शदीप

अर्शदीप सिंह आठ सत्र तक पंजाब किंग्स का हिस्सा रहने के बाद अब मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। उन्होंने 2019 में पंजाब की ओर से आईपीएल में पदार्पण किया था और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। पंजाब किंग्स ने उनके योगदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा किया। अर्शदीप ने 2025 के सत्र में 21 और 2026 में 14 विकेट हासिल किए थे।

आईपीएल में हार्दिक और अर्शदीप के आंकड़े

- हार्दिक पांड्या: 162 मैचों में 2,955 रन, 146.28 का स्ट्राइक रेट और 82 विकेट।
- अर्शदीप सिंह: 96 मैचों में 111 विकेट लेकर पंजाब किंग्स के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

चेन्नई और राजस्थान के बीच भी हुआ था बड़ा ट्रेड

इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। इसके बदले राजस्थान ने चेन्नई से रवींद्र जडेजा को 14 करोड़ और सैम करन को 2.4 करोड़ रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया था। जो पंजाब किंग्स की ओर से किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है

वैशाली ने सो और नीमन को हराया



एजेंसी। बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट के उद्घाटन सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों वेस्ली सो और हैंस नीमन को शिकस्त दी। वहीं, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने नौ राउंड के ब्लिट्ज स्विस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। कार्लसन ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेलीं। इस तरह सात अंकों के साथ वह अंक तालिका में शीर्ष पर रहे।

कार्लसन के बाद वाचियर-लाग्रेव और अरोनियन

फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव 6.5 अंकों के साथ दूसरे और आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन छह अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय खिलाड़ियों में अर्जुन एरिगेसी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा, फैबियानो कारुआना, हैंस नीमन और रिचर्ड रैपोर्ट के साथ 5.5 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर वैशाली ने शुरुआती तीन मुकाबलों में दो जीत के साथ अच्छी शुरुआत की। हालांकि, वह इस लय को बरकरार नहीं रख सकीं और अगले मुकाबलों में दो हार तथा तीन ड्रॉ का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज वेस्ली सो और 36वें स्थान के हैंस नीमन पर उनकी जीत खास रही। उनके भाई और नॉर्वे के शतरंज चैंपियन आर. प्रज्ञाननंदा ने एंड्रयू हांग को हराकर अपने अभियान का समापन किया। उन्होंने कुल 4.5 अंक हासिल किए।

अब फास्ट क्लासिक मुकाबलों पर नजर

ब्लिट्ज टूर्नामेंट के बाद अब प्रतियोगिता में फास्ट क्लासिक मुकाबले खेले जाएंगे। इसके लिए लॉटरी के जरिए खिलाड़ियों के ग्रुप निर्धारित किए गए हैं। कागजों पर ग्रुप बी सबसे मजबूत नजर आ रहा है, जिसमें फैबियानो कारुआना, आर. प्रज्ञाननंदा और विंसेंट कीमर जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

ब्रीफ न्यूज़

एआई की मदद से क्रिकेट कोच होंगे तैयार



मुंबई। पूरी दुनिया में बहुत तेजी से अपनी पकड़ बना रहे एआई ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन में भी प्रवेश कर लिया है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सिंगापुर की स्पोर्ट्स एआई कंपनी 'लेवल अप स्पोर्ट्सलिटिक्स' के साथ एक दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की है। यह स्पोर्ट्स एआई कंपनी एमसीए से संबंधित क्रिकेट के कोचों के लिए एआई कोचिंग को-पायलट की मदद के लिए एक सहायक टूल को विकसित करेगी। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित एमसीए शरद पवार इनडोर क्रिकेट अकादमी में इस साझेदारी की शुरुआत की। को-पायलट टूल को एमसीए के बेहतरीन कोचों की पहुंच को बढ़ाने के लिए बनाया जाएगा। इस टूल की मदद से एमसीए अपने मौजूदा संसाधनों का इस्तेमाल करके और भी ज़्यादा युवा क्रिकेटरों को अपनी कोचिंग प्रक्रिया से जोड़ सकेगा।

अंतिम चार में सुवेनियर क्रिकेट क्लब

मुंबई। स्वराज मोरे द्वारा किए गए हरफनमौला खेल की मदद सुवेनियर क्रिकेट क्लब ने विक्टरी क्रिकेट क्लब को पहली पारी की बढ़त के आधार पर पराजित करके अजित नाईक मेमोरिअल अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विक्टर क्रिकेट क्लब के खिलाफ स्वराज मोरे मे घातक गेंदबाजी की और 45 रन खर्च करके चार बल्लेबाजों को पवैलियन की राह दिखाई, उसके बाद बल्लेबाजी के दौरान स्वराज मोरे ने अपनी टीम के लिए शानदार 60 रनों का योगदान दिया। क्वार्टरफाइनल के अन्य मैचों में दादर पारसी जोराष्ट्रियन क्रिकेट क्लब ने इस्लाम जिमखाना को, शिवाजी पार्क जिमखाना ने अंजुमन इस्लाम को और एम वी स्पोर्ट्स क्लब ने वर्ली स्पोर्ट्स क्लब को हराकर स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बॉलीवुड

हुमा कुरैशी की 'महारानी 5' में दिखेगा बदले का नया अंदाज, टीजर रिलीज

अभिनेत्री हुमा कुरैशी की चर्चित वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सोनी लिव ने नए सीजन का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें हुमा एक बार फिर रानी भारती के दमदार किरदार में नजर आ रही हैं। सीरीज के अब तक चार सीजन दर्शकों के सामने आ चुके हैं और सभी को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। नए टीजर के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज का समय भी घोषित कर दिया है। टीजर से संकेत मिलता है कि इस बार रानी भारती की लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कहानी व्यक्तिगत बदले और एक मां के आक्रोश के इर्द-गिर्द आगे बढ़ेगी। पिछले सीजन की घटनाओं के बाद कहानी बिहार से लेकर दिल्ली तक के राजनीतिक गलियारों में सत्ता संघर्ष को दिखाएगी। रानी भारती इस बार अपने विरोधियों से हिसाब चुकता करने के इरादे से मैदान में उतरती नजर आएंगी। 'महारानी 5' का निर्माण सुभाष कपूर ने किया है, जबकि पुनीत प्रकाश ने इसका निर्देशन किया है। सीरीज फरवरी 2027 में सोनी लिव पर रिलीज होगी। नए सीजन के टीजर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अब देखना होगा कि रानी भारती की यह नई लड़ाई कहानी को किस मोड़ पर लेकर जाती है।



प्यार, एक्शन और बदले की कहानी लेकर आ रही है इमरान हाशमी की 'गनमास्टर G9'


अभिनेता इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'गनमास्टर G9' का धमाकेदार ट्रेलर जारी हो गया है। आदित्य दत्त के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इमरान एक बार फिर आशिक के साथ-साथ एक्शन अवतार में नजर आएंगे। फिल्म में वह ईश्वर उर्फ एजेंट G9 का किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अपारशक्ति खुराना पहली बार खलनायक के रूप में दिखाई देंगे।

ट्रेलर की शुरुआत इमरान के किरदार से होती है, जो एक खतरनाक गैंगस्टर होने के साथ शिव भक्त भी है। अपनी प्रेमिका आरती यानी जेनेलिया को बचाने और उसे वापस पाने के लिए वह एक बार फिर अपराध की दुनिया में कदम रखता है। इस दौरान उसका सामना कई खतरनाक दुश्मनों से होता है। ट्रेलर में एक्शन, रोमांस और भावनात्मक दृश्यों का अच्छा मेल देखने को मिलता है।

अपारशक्ति खुराना खलनायक 'देसु' के किरदार में अपने अंदाज से ध्यान खींचते हैं। वहीं, हिमेश रेशमिया का संगीत फिल्म के रोमांच और भावनात्मक पहलुओं को मजबूती देता नजर आता है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। 'गनमास्टर G9' 27 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



'आवारा पागल दीवाना' के सीक्वल पर लगी मुहर, अगले साल फ्लोर पर जाएगी फिल्म



अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपनी लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' के सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। साल 2002 में रिलीज हुई इस फिल्म में सुनील के साथ अक्षय कुमार, आफताब शिवदासानी और परेश रावल नजर आए थे। फिल्म में सुनील ने 'येडा अन्ना' का यादगार किरदार निभाया था। अब अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म का दूसरा भाग बनाया जा रहा है और इसकी शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। एक बातचीत में सुनील ने बताया कि 'आवारा पागल दीवाना 2' पर काम आगे बढ़ रहा है और फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर आ सकती है। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए सीक्वल का संकेत दिया था, लेकिन उस समय उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की थी। अब उनके इस बयान के बाद फिल्म के प्रशंसकों में उत्सुकता बढ़ गई है।नील ने यह भी बताया कि उनके पास 'आवारा पागल दीवाना 2' के अलावा कुछ और दिलचस्प फिल्में हैं। इनमें 'हिटमैन' और 'सबसे बड़ा रुपैया' शामिल हैं। अभिनेता के मुताबिक, इन परियोजनाओं की कहानियां एक-दूसरे से काफी अलग हैं और वह इनके लिए उत्साहित हैं। गौरतलब है कि सुनील शेट्टी पिछली बार फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आए थे।

ट्रेलर रिलीज होते ही चर्चा में आया सलमान का डायलॉग

सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। लंबे समय से टल रही यह फिल्म अब 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। ट्रेलर को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। जहां कुछ लोगों ने फिल्म के एक्शन और कहानी की तारीफ की, वहीं सलमान के एक संवाद को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

दरअसल, ट्रेलर के एक दृश्य में सलमान चीनी सैनिक से बातचीत करते हुए कहते हैं, चलो इसे ठीक करते हैं, ब्रो। पीस आउट। युद्ध जैसे तनावपूर्ण माहौल में उनके इस हल्के-फुल्के अंदाज वाले संवाद को कई दर्शकों ने अटपटा बताया है। इस संवाद के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कुछ यूजर्स ने इसकी तुलना सलमान के पहले वायरल हुए संवाद रसोनम, इट्स डन, ब्रो से भी की।

सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि सैन्य तनाव की स्थिति में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कितना उचित है। वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म के संवाद लेखन और उसे मंजूरी देने वालों की आलोचना की। कुछ लोगों ने तो सलमान को अभिनय से संन्यास लेने की सलाह तक दे डाली। गौरतलब है कि 'मातृभूमि' 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला श्रद्धा कपूर की फिल्म 'ईथा' से होगा।





स्वच्छ सर्वेक्षण में नवी मुंबई देश में अव्वल

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के सबसे स्वच्छ शहरों की तस्वीर सामने आ गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है। गुजरात का सूरत दूसरे और आंध्र प्रदेश का विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, नदी तटीय शहरों में मध्य प्रदेश के रीवा और हिमालयी शहरों में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने बाजी मारी। इस बार सर्वेक्षण में नदी किनारे बसे शहरों, समुद्री तटों और पहाड़ी क्षेत्रों की स्वच्छता के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गईं। अब तक स्वच्छ शहरों की सूची में शीर्ष स्थान पर रहने वाले इंदौर को इस बार मेंटर शहरों की श्रेणी में रखा गया, जिसमें अहमदाबाद पहले और इंदौर दूसरे स्थान पर रहा।



- सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर
- नदी तटीय शहरों में रीवा और हिमालयी शहरों में रुद्रपुर ने मारी बाजी

राष्ट्रपति ने प्रदान किए स्वच्छता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत दिए जाने वाले इन पुरस्कारों के माध्यम से शहरों में सफाई और स्वच्छता के लिए किए गए प्रयासों को सम्मानित किया गया। यह सर्वेक्षण का दसवां संस्करण है। इस वर्ष इसकी थीम 'स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई। इसका उद्देश्य शहरी स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ आम लोगों की भागीदारी बढ़ाना है।

नवी मुंबई ने हासिल किया पहला स्थान

राष्ट्रीय स्वच्छ शहर श्रेणी में नवी मुंबई पहले, सूरत दूसरे और विजयवाड़ा तीसरे स्थान पर रहे। इस श्रेणी में शहरों की सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता से जुड़े कार्यों का मूल्यांकन किया गया। रैंकिंग का उद्देश्य नगर निकायों के बीच बेहतर प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और उन्हें सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए प्रोत्साहित करना है।

नदी और समुद्री तटीय शहरों में किसने मारी बाजी?

नदी तटीय शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश के रीवा ने पहला स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का बिलासपुर दूसरे और उत्तर प्रदेश का वाराणसी तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, समुद्री तटीय शहरों में ओडिशा का पुरी पहले, केरल का अलप्पुझा दूसरे और महाराष्ट्र का रत्नागिरी तीसरे स्थान पर रहा। इन श्रेणियों में नदी और समुद्र के किनारे बसे शहरी क्षेत्रों की सफाई के साथ जल स्रोतों और उनके आसपास के इलाकों की स्वच्छता को भी विशेष महत्व दिया गया।

हिमालयी शहरों में रुद्रपुर अव्वल, अहमदाबाद बना मेंटर सिटी

हिमालयी शहरों की श्रेणी में उत्तराखंड के रुद्रपुर ने पहला स्थान हासिल किया। जम्मू दूसरे और जम्मू-कश्मीर का शोपियां तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत अहमदाबाद को पहला मेंटर शहर चुना गया, जबकि गुजरात के साणंद को मेंटी शहर बनाया गया। इंदौर दूसरे स्थान पर मेंटर शहर रहा और मध्य प्रदेश के देपालपुर को उसका मेंटी शहर चुना गया।

न्यूज़ ब्रीफ

आतंकी हमले में डीएसपी समेत 10 पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक अभियान के दौरान पुलिस टीम पर आतंकवादियों के हमले में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और एक उपनिरीक्षक समेत 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार के मुताबिक यह हमला कोहाट के गंबट इलाके में हुआ। कोहाट पुलिस के प्रवक्ता मोहम्मद नौमान जैब ने बताया कि पुलिस टीम सोने के अवैध रूप से खनन के खिलाफ छापेमारी करने जा रही थी। इसी दौरान कोहाट और करक के बीच स्थित दरबोकाच जालंधर बांदा इलाके में उस पर गोलीबारी की गई। हमलावरों ने पहाड़ियों से पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई पुलिसकर्मी हताहत हुए और पुलिस के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा।

सट्टेबाजी संबंधी वेबसाइटों पर कार्रवाई का आदेश निकला फर्जी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इस साल इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को 129 अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को ब्लॉक करने का आदेश दिया था। यह आदेश दो उच्च न्यायालयों के फैसलों पर आधारित था, लेकिन समाचार एजेंसी रॉयटर्स की जांच में पता चला कि वे आदेश फर्जी थे। इस खुलासे के बाद अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस फर्जी अदालती आदेशों का यह मामला इस बात का ताजा उदाहरण है कि भारत की आधिकारिक ऑनलाइन सामग्री हटाने की व्यवस्था में भी नकली आदेशों के जरिए सेंध लगाई जा रही है। भारत में इंटरनेट से किसी पोस्ट या वेबसाइट हटाने की व्यवस्था दुनिया की सबसे सख्त व्यवस्थाओं में गिनी जाती है। भारत के दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई और 2 सितंबर को इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को दो अलग-अलग निर्देश जारी किए थे। ये दोनों निर्देश विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। इनके साथ राजस्थान और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से जारी ऐसे कथित अदालती आदेश भी भेजे गए थे, जिनमें कई वेबसाइटों को हटाने का निर्देश था।

लोकसभा चुनाव 2024 में वोटों की गिनती में गड़बड़ी के दावे भ्रामक

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदान और मतगणना के दौरान वोटों की संख्या में अंतर होने के सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों को चुनाव आयोग ने भ्रामक करार दिया है। आयोग ने बुधवार को इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मतदान और मतगणना से संबंधित सभी आंकड़े आधिकारिक रूप से प्रकाशित किए जाते हैं और कोई भी व्यक्ति इन्हें आयोग की वेबसाइट पर देख सकता है। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की कुछ विधानसभा सीटों से जुड़े दावों के स्क्रीनशॉट साझा किए। साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के आंकड़े पेश कर स्थिति स्पष्ट की। आयोग ने अपने बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये 2024 के लोकसभा चुनाव और उसी वर्ष हुए विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों में डाले गए वोटों और गिने गए वोटों के बीच विसंगतियां होने का दावा किया गया था।

हॉकी के दिग्गज का ओलंपिक स्वर्ण पदक चोरी





- पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी । बंगलूरू

बंगलूरू पुलिस ने बुधवार को बताया कि भारतीय हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी एमएम सोमैया के घर में घुसकर कीमती सामान चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी किए गए सामान में 1980 के मॉस्को ओलंपिक में भारतीय टीम के सदस्य के तौर पर जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल था। बरामद पदकों में 1982 के एशियाई खेलों का रजत और 1986 के एशियाई खेलों का कांस्य पदक भी शामिल है। सोमैया ने पुलिस की कार्रवाई पर खुशी जताते हुए कहा कि पदकों की वापसी से उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है।

पेशेवर अपराधी हैं दोनों चोर

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंगलूरू निवासी माणिक्य उर्फ मणिकांता (31) और भरत (25) के रूप में हुई है। माणिक्य मजदूरी करता है। पुलिस ने बताया कि माणिक्य 33 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें से 25 मामले कर्नाटक और बाकी तमिलनाडु में दर्ज हैं। वहीं, भरत के खिलाफ हत्या और चोरी के दो मामले दर्ज हैं। बंगलूरू पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन गिरफ्तारियों की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी हुए सभी आठ पदक बरामद कर लिए हैं। इनमें ओलंपिक स्वर्ण पदक के अलावा 1982 के नई दिल्ली एशियाई खेलों का रजत पदक, 1986 के सियोल एशियाई खेलों का कांस्य पदक और 1982 में एम्स्टर्डम में आयोजित चैंपियंस ट्रॉफी का कांस्य पदक शामिल है।

पीएम मोदी का कर्नाटक और गुजरात दौरा

- विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और मंदिर में करेंगे दर्शन

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 और 14 नवंबर को कर्नाटक और गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। साथ ही, विभिन्न कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री 13 नवंबर को कर्नाटक में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात देंगे। बंगलूरू में वे शहरी परिवहन, बिजली पारेषण, नवीकरणीय ऊर्जा, पेट्रोलियम अवसंरचना, अपशिष्ट प्रबंधन और रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें करीब 3,470 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बंगलूरू मेट्रो की पिंक लाइन के केलना अग्रहारा से तावरेकेरे खंड का उद्घाटन प्रमुख है। इससे शहर में सार्वजनिक परिवहन और कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।



बंगलूरू मेट्रो की पिंक लाइन का करेंगे उद्घाटन

ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र की परियोजनाएं भी शामिल

मोदी कोप्पल-II और गादग-II में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के एकीकरण के लिए करीब 4,450 करोड़ रुपये की पारेषण योजना (चरण-II) का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, बिदार में सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए 1,370 करोड़ रुपये की पारेषण योजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मंगलुरु में 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनी देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा का उद्घाटन किया जाएगा। वे मंगलुरु रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) के देवांगोथी मार्केटिंग टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और बंगलूरू में गेल के कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की आधारशिला रखेंगे।

चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन, वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री चामराजनगर, चिक्कमगलूरू, सकलेश्वर और सुब्रह्मण्य रोड के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही बंगलूरू-मंगलुरु-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मैसूरु में वे भारत वन में वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेने के साथ कॉसमॉस-मैसूरु तारामंडल का उद्घाटन भी करेंगे। यह तारामंडल खगोल विज्ञान शिक्षा और तारामंडल तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल है। 14 नवंबर को प्रधानमंत्री गुजरात के बनासकांठा स्थित अंबाजी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में शामिल है। इसके बाद वे स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एस-व्यासा) के आवासीय मुख्यालय परिसर प्रशांति कुटिरम के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगे।

आरएसएस पर पोस्ट कर फंसे प्रियांक खरगे

कर्नाटक के गृह मंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज



एजेंसी । नई दिल्ली

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर फर्जी और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि खरगे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर ऐसी जानकारी साझा की, जिससे राज्य में सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, तेजस ए. गौड़ा ने मंगलवार को बनशंकरी पुलिस थाने में शिकायत दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई एक पोस्ट के जरिए आरएसएस को जिंदा कारतूसों की हालिया बरामदगी से जोड़ने के कथित प्रयास को लेकर खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि खरगे की पोस्ट में बिहार और हरियाणा में करीब 44,250 जिंदा कारतूसों की बरामदगी के मामले को आरएसएस से जोड़ने की कोशिश की गई। गौड़ा का दावा है कि इस पोस्ट से यह धारणा बनाने का प्रयास किया गया कि आरएसएस कथित आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने जानकारी को गलत जानते हुए भी उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित किया।

एअर इंडिया की फ्लाइट को हाईजैक करने की धमकी

- उड़ान से ठीक पहले विमान के टॉयलेट के शीशे पर मिला धमकी भरा संदेश

एजेंसी । कोलकाता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह एअर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट में हाईजैक की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। विमान के टॉयलेट के शीशे पर धमकी भरा संदेश लिखा मिला। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और विमान को जांच के लिए आइसोलेशन बे में ले जाया गया।



उड़ान से पहले मिला धमकी भरा संदेश

जानकारी के मुताबिक, विमान टेकऑफ की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान उसके एक टॉयलेट के शीशे पर लिखा धमकी भरा संदेश देखा गया। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी सूचना दी। यह उड़ान सुबह 10:20 बजे रवाना होने वाली थी। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि उड़ान से ठीक पहले विमान के वॉशरूम में एक नोट मिला था, जिसमें सुबह 11:10 बजे विमान को हाईजैक करने की धमकी दी गई थी।

सीआईएसएफ ने शुरू की तलाशी

घटना के बाद विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और एयरपोर्ट के विशेष सुरक्षा कर्मियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। विमान के सभी हिस्सों की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विमान के टॉयलेट के शीशे पर धमकी भरा संदेश किसने लिखा और इसके पीछे किसका हाथ है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए एयरपोर्ट परिसर और विमान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सरकार विरोधी पोस्ट पर एफआईआर के खिलाफ याचिका

- मद्रास हाईकोर्ट ने दो हफ्ते में मांगा जवाब

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु में सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने वाले राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने सरकार को इस मामले में दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।



सरकार तैयार कर रही एसओपी

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण अंबुमणि ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कर रही है। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना करने वाले राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं के मामलों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करना है।

असम में ट्रेन के पांच डिब्बे पटरी से उतरे, चार लोग घायल

एजेंसी । गुवाहाटी

असम में गुवाहाटी के पास डिगारू में बुधवार सुबह सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन के पटरी से उतरने की घटना में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। ट्रेन में 300 से अधिक यात्री सवार थे। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के एक प्रवक्ता बताया कि किसी दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए एक्सप्रेस ट्रेन को डिगारू स्टेशन पर रोका जा रहा था, लेकिन लोको पायलट रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख सका। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोको पायलट इंजन में लगे उपकरणों को चलाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। वीडियो में वह कह रहा है कि इनमें से कोई भी उपकरण काम नहीं कर रहा था। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। घायलों का इलाज किया जा रहा है। फंसे हुए सभी यात्रियों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उनकी आगे की यात्रा के लिए वैकल्पिक ट्रेन की व्यवस्था की गई है। इस घटना के बाद, गुवाहाटी से जोरहाट जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को पानबारी और कोयंबटूर-सिलचर एक्सप्रेस को पानबारी और पानीखाईती में रोका गया।



महंगाई

दोगुने से ज्यादा महंगा हुआ प्याज, चीनी के दाम भी 31 फीसदी बढ़े

छह महीने में बिगड़ा रसोई का बजट

एजेंसी । नई दिल्ली

महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले छह महीनों में प्याज, चीनी, गुड़, खाद्य तेल और दालों की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दूध, घी, अंडे और चावल भी महंगे हुए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के दैनिक खुदरा मूल्य आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई से 10 नवंबर 2026 के बीच कई जरूरी खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़े हैं। सबसे ज्यादा उछाल प्याज और चीनी की कीमतों में आया है। प्याज के दाम दोगुने से भी अधिक हो गए हैं, जिससे घरेलू रसोई के साथ होटल और ढाबों का खर्च भी बढ़ रहा है।

प्याज और चीनी की कीमतों में तेज उछाल

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, प्याज की औसत खुदरा कीमत 10 मई को 23.99 रुपये प्रति किलो थी, जो 10 नवंबर को बढ़कर 54.19 रुपये प्रति किलो हो गई। इस तरह छह महीने में इसकी कीमत करीब 126 फीसदी बढ़ गई। इसी अवधि में चीनी का भाव 46.09 रुपये से बढ़कर 60.57 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। इसमें करीब 31.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

दालों और खाद्य तेलों ने भी बढ़ाया खर्च

प्रोटीन के प्रमुख स्रोत दालों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। अरहर दाल 120.98 रुपये से बढ़कर 135.22 रुपये प्रति किलो, चना दाल 83.28 रुपये से बढ़कर 95.23 रुपये और उड़द दाल 117.71 रुपये से बढ़कर 127.06 रुपये प्रति किलो हो गई। मूंग दाल का भाव भी 110.45 रुपये से बढ़कर 115.47 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल की कीमत 187.82 रुपये से बढ़कर 210.78 रुपये प्रति किलो और मूंगफली तेल 201.91 रुपये से बढ़कर 210.90 रुपये प्रति किलो हो गया।



दूध, घी और अंडे भी हुए महंगे

रोजमर्रा के इस्तेमाल की अन्य वस्तुओं की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। दूध का औसत भाव 59.06 रुपये से बढ़कर 62.07 रुपये प्रति लीटर हो गया। देसी घी 683.83 रुपये से बढ़कर 713.88 रुपये प्रति किलो पहुंच गया। अंडे की कीमत 77.49 रुपये प्रति दर्जन से बढ़कर 86.42 रुपये हो गई। चावल का भाव भी 42.09 रुपये से बढ़कर 49 रुपये प्रति किलो हो गया, यानी इसमें करीब 16.4 फीसदी की वृद्धि हुई। गुड़ का मौजूदा औसत खुदरा भाव 67.77 रुपये प्रति किलो है।